# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024

### जेपी नड्डा प्रदेश सरकार के एक साल पूरे होने पर बताएंगे उपलब्धियां

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा की आज रायपुर में आमसभा कल आएंगे शाह, जाएंगे बस्तर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश सरकार का 13 दिसंबर को एक साल पूरा हो रहा है। सरकार के एक साल पूरे होने पर जहां एक तरफ सरकार कई कार्यक्रम कर रही है, वहीं भाजपा का प्रदेश संगठन भी लगातार कार्यक्रम करेगा। कार्यक्रमों का आगाज 13 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज में दोपहर को साढ़े तीन बजे होने वाली आमसभा से होगा। इस सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी विजय शर्मा, अरुण साव के साथ सभी मंत्री, विधायक, सांसद, भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश सरकार की एक साल ▶▶ शेष पेज 2 पर

### कल आएंगे शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिनों के दौरे पर 14 दिसंबर की रात को रायपुर पहुंचेंगे। यहां पर वे रात्रि विश्राम करने के बाद दूसरे दिन सुबह बस्तर जाएंगे। बस्तर में वे जहां बस्तर ओलिंपिक के समापन में शामिल होंगे, वहीं पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। रात को उनका डिनर का कार्यक्रम भी है। रात्रि विश्राम बस्तर में करने के बाद वे 16 दिसंबर को रायपुर आकर यहां बैठक लेंगे। इसके बाद दिल्ली लौट जाएंगे।

### बताएंगे सरकार की उपलब्धियां

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा साइंस कॉलेज में होने वाली आमसभा के लिए दिल्ली से दोपहर को एक बजे विशेष विमान से रवाना होंगे। वे यहां पर 2.45 बजे विमानतल पहुंचेंगे। विमानतल से 3.00 बजे साइंस कॉलेज के लिए रवाना होंगे। साइंस कॉलेज में दोपहर को 3.30 बजे से लेकर 4.30 बजे तक आमसभा होगी। ▶▶ शेष पेज 2 पर

### ठाकरे परिसर में मूर्तियों का अनावरण

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश भाजपा संगठन ने अपनी पार्टी के स्वर्गीय दिग्गज नेताओं की स्मृतियों को संजोने के लिए एक स्मृति मंदिर का निर्माण किया है। इसमें कुशाभाऊ ठाकरे, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और राजमाता सिंधिया की मूर्तियां रखी गई हैं। इन मूर्तियों का अनावरण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार की शाम 5.00 बजे करेंगे। इस कार्यक्रम के बाद श्री नड्डा प्रदेश के नेताओं के साथ करीब एक घंटे तक चर्चा करेंगे। 6.25 को वे विमानतल रवाना होने से पहले पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय गोपाल व्यास के निवास पर जाएंगे और उनके परिजनों से मुलाकात के बाद दिल्ली लौटेंगे।




## 365 दिन खर्च... हासिल हुआ भरोसा और हर्ष

*अभी से पांव के छाले न देखो,*
*अभी यारो सफर की इब्तिदा है....*

धनंजय वर्मा

हरिभूमि विशेष

*मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनकी सरकार के लिए शायर की ये पंक्तियां सटीक कही जा सकती हैं। सर्वहारा वर्ग की चिंता के साथ राज्य के अंतिम छोर तक विकास की रुकी इबारत को फिर से लिखने की कवायद करते हुए साय सरकार ने एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया। अब वक्त है, इस एक साल के कार्यकाल की समीक्षा और इस पर मंथन का। जाहिर है, नई सरकार के सालाना जलसे में 365 दिनों की उपलब्धियों को भी सामने रखा जाएगा, इस पर चिंतन-मनन होगा और फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और अपने वादों पर किस तरह खरा उतरना है, इसकी आगामी कार्ययोजना बनेगी। वैसे, देखा जाए तो साय सरकार ने पहला साल मजबूत कदमों से नापा है। 365 दिन खर्च कर इसने जनता का भरोसा जीता और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने की हरसंभव कोशिश की। 13 दिसंबर 2023 को शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने चुनावी वादों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर काम करना शुरू कर दिया। इसी का परिणाम है कि राज्य में महिला, किसान, गांव और गरीब के साथ आदिवासी क्षेत्रों के विकास पर फोकस कर कार्ययोजना बनाई और उस पर अमल करना शुरू किया। सरकार भी मानती है कि महिलाओं के विकास से ही समाज का विकास संभव है, इसीलिए महतारी वंदन योजना के तहत राज्यभर की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने उनके खातों में हर माह बिना नागा पैसा डालना शुरू किया। राज्य की तकरीबन 70 लाख महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह दिया जा रहा है, ताकि वे अपनी छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर सकें। यह साय सरकार की दूरदर्शिता ही है कि उन्होंने पैसे सीधे महिलाओं के ही हाथ में दिए। महिलाओं को संबल बनाने यह बड़ा और मजबूत कदम था। सरकार ने वादों पर अमल करते हुए उनके लिए कारोबार, ग्रामीण उद्यमिता और पंचायती राज संस्थाओं में भी रास्ता खोला। सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 50 फीसदी सीटें आरक्षित की। राशन दुकान, कपड़ा दुकान, सिलाई दुकान, श्रृंगार दुकान, होटल, थोक में बड़ी, पापड़, अचार और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की बिक्री तथा ब्यूटी पार्लर जैसे लाभकारी व्यवसाय महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। सरकार बनने के शुरुआती दिनों में ही सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यस्था, किसानों की समस्या और गरीबों की जरूरतों को समझते हुए कई तरह की योजनाओं पर अमल शुरू किया और सबसे पहले किसानों की सुध ली। साय सरकार ने सबसे पहले 3100 रुपए में धान खरीदने का अपना वादा पूरा करते हुए सिस्टम बनाया और अभी इसी वादे के तहत 3100 रुपए प्रति क्विंटल में किसानों से धान खरीदा जा रहा है। राज्य की सोसाइटियों में किसानों का उत्साह बताता है कि सरकार ने* ▶▶ शेष पेज 2 पर




### सीएम बोले- हमारा पहला साल विश्वास का, कांग्रेस मुकर गई थी, हमने पूरे किए वादे

## साय सरकार का एक साल पूरा, जारी किया रिपोर्ट कार्ड

**ये उपलब्धियां भी**

- बस्तर पर्यटन कॉरीडोर का विकास
- रामलला दर्शन योजना शुरू
- छत्तीसगढ़ में विकासपरक नई औद्योगिक नीति
- युवाओं, महिलाओं, छोटे उद्यमी, अग्निवीर, तृतीय लिंग के लिए कई प्रावधान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल का पहला साल पूरा हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों के साथ पहली बार प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार के पहले साल की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का पहला साल विश्वास का रहा है।

**सरकार के एक साल पूरा होने पर मुख्यमंत्री ने बताई उपलब्धि**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

विधानसभा चुनाव के समय मोदी की गारंटी के रूप में राज्य की जनता के साथ जो वादे किए गए थे, उन्हें पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के जनघोषणा पत्र को भी याद किया और कहा कि कांग्रेस ने जनता से जो वादे किए थे, उससे मुकर गई। वादों से मुकरते हुए लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया और छत्तीसगढ़ की जनता से धोखा किया। कांग्रेस सरकार के भीतर ही विश्वास का संकट था।




सर्किट हाउस में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री साय ने विष्णु की पाती का विमोचन किया। इसमें किसान, हितग्राहियों, महिलाओं को मुख्यमंत्री ने अपना संदेश दिया। उन्होंने एक किताब का विमोचन किया है, इसके अलावा सालभर का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के सामने पेश किया। छत्तीसगढ़ में सरकार के एक साल पूरा करने पर सीएम साय ने कहा, 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सरकार का एक साल पूरा हो रहा है। बारह महीने में सरकार ने विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने एक साल को विश्वास का साल घोषित किया है। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 2 पर

### मोदी की गारंटी के ये वादे पूरे

मोदी की गारंटी में किसानों को धान की कीमत 3100 रुपए प्रति क्विंटल दिया जा रहा है। 2 साल का बकाया बोनस भी 14 लाख किसानों को दे रहे हैं। सीएम साय ने कहा, महिलाओं को महतारी वंदन योजना के जरिए हर महीने एक-एक हजार रुपये दे रहे हैं। पीएम का वादा था कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही सीएम 18 लाख आवास स्वीकृत करेंगे। 13 ▶▶ शेष पेज 2 पर

## आईपीएस जीपी सिंह बहाल, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को आदेश जारी कर आईपीएस जीपी सिंह को पुनः सेवा में बहाल कर दिया है। केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश के मद्देनजर गृह मंत्रालय ने आदेश जारी किया है। 20 जुलाई 2023 को पारित निलंबन आदेश को खारिज करते हुए उसी दिनांक से पद पर बहाल किया है। उल्लेखनीय है कि 1994 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस गुरजिंदर पाल सिंह को 20 जुलाई 2023 को गृह मंत्रालय के आदेश के तहत सेवामुक्त किया गया था, इसे आईपीएस ने कैट में चुनौती दी। ▶▶ शेष पेज 2 पर



### इस कारण किया गया था बर्खास्त

आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ पिछली सरकार में आय से अधिक संपत्ति, राजद्रोह और ब्लैकमेलिंग के तीन अलग-अलग केस दर्ज किए गए थे। उनके खिलाफ 2021 में एसीबी ने कार्रवाई की थी। सरकारी आवास सहित कई ठिकानों पर छापेमारी कर 10 करोड़ की अघोषित संपत्ति और कई दस्तावेज बरामद करने का दावा किया गया था। इसके बाद जीपी सिंह पर राजद्रोह का केस दर्ज हुआ, जिसमें उन पर सरकार गिराने की साजिश रचने का आरोप था। जुलाई 2021 में उन्हें निलंबित किया गया और कुछ दिनों बाद राजद्रोह का ▶▶ शेष पेज 2 पर


25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़
सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
जनादेश परब
पर प्रदेश की जनता का
कोटि-कोटि आभार...
13 दिसम्बर 2024
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 13 दिसंबर 2024





चिंतन

# उपासना स्थल कानून का सभी करें सम्मान

उपासना स्थलों से संबंधित मामले पर सुनवाई या कोई आदेश पारित न करने की हिदायत अदालतों को देकर सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक विवादों पर विराम लगा दिया है। हाल के दिनों में अनेक उपासना स्थलों से जुड़े मामले के कोर्ट पहुंचने के बाद से सांप्रदायिक सदभाव को धक्का लगने की आशंका बढ़ गई है। शीर्ष अदालत ने देश की सभी अदालतों को धार्मिक स्थलों, विशेषकर मस्जिदों और दरगाहों पर दावा करने संबंधी नए मुकदमों पर विचार करने और लंबित मामलों में कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने से अगले आदेश तक रोक दिया। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट कहा कि क्योंकि मामला शीर्ष अदालत में विचाराधीन है, इसलिए पीठ समझती है कि अगले आदेश तक कोई नया मुकदमा दर्ज न किया जाए। उच्चतम न्यायालय के इस निर्देश से विभिन्न हिंदू पक्षों द्वारा दायर लगभग 18 मुकदमों में कार्यवाही पर रोक लग गई है। इन मुकदमों में वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद समेत 10 मस्जिदों की मूल धार्मिक प्रकृति का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण का अनुरोध किया गया है। वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा वर्ष 2020 में दायर मुख्य याचिका में उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी है। कहा गया है कि उपासना स्थल कानून संविधान के धर्मनिरपेक्षता और बराबरी जैसे मूल सिद्धांतों के खिलाफ है, इस कानून से हिंदुओं को अधिक नुकसान पहुंचता है। इस याचिका का विरोध करते हुए जमियत उलेमा-ए-हिंद, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया और कई एक्टिविस्ट्स ने भी अपनी याचिकाएं दाखिल की थीं। जब देश में अयोध्या विवादित ढांचा को लेकर आंदोलन अपने चरम पर था, तो 18 सितंबर 1991 को केंद्र की तत्कालीन पीवी नरसिम्हा राव सरकार ने उपासना स्थल क़ानून संसद से पारित कराया था। उपासना स्थल क़ानून कहता है कि भारत में 15 अगस्त 1947 को जो धार्मिक स्थल जिस स्वरूप में था, उसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है। इस क़ानून के सेक्शन 3 में वर्णित है कि इस कानून के तहत, कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल या किसी समुदाय के पूजास्थल के स्वरूप को बदलने की कोशिश नहीं कर सकता। सेक्शन 4 (2) में लिखा है कि अगर किसी धार्मिक स्थल के स्वरूप में बदलाव को लेकर कोई केस, अपील, या अन्य कार्रवाई 15 अगस्त 1947 के बाद किसी कोर्ट, ट्रिब्यूनल, या प्राधिकरण में लंबित है, तो वह केस रद कर दिया जाएगा। ऐसे किसी मामले में दोबारा केस या अपील दायर नहीं की जा सकती। इस कानून में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को शामिल नहीं किया गया था, क्योंकि यह मामला आज़ादी से पहले ही अदालत में लंबित था। पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने ज्ञानवापी मामले की सुनवाई के दौरान मई 2022 में अहम मौखिक टिप्पणी में कहा था कि प्लेसेस ऑफ़ वर्शिप एक्ट 1991 (उपासना स्थल क़ानून) 15 अगस्त 1947 की स्थिति के अनुसार, किसी भी संरचना के धार्मिक चरित्र की जांच करने पर रोक नहीं लगाता है। इसके बाद से ऐसे मामले अदालतों में बढ़ने लगे। दरअसल, उपासना स्थल विवाद को बढ़ावा देना बर्र के छत्ते में कंकड़ मारने जैसा है। उपासना स्थल विवाद खत्म होने चाहिए, सुप्रीम कोर्ट ने नए आदेश पर रोक लगाकर उपासना स्थल विवादों पर फिलहाल विराम लगाने की कोशिश की है। नए आदेश आने तक सभी को उपासना स्थल कानून का सम्मान करना चाहिए।

# सफल और सार्थक सरकार का एक वर्ष



विशेष
विष्णुदेव साय

**अंत्योदय' के लक्ष्य के साथ हमारी सरकार ने अपने पंचवर्षीय कार्यकाल का एक वर्ष पूरा कर लिया। यह सब आपके सहयोग और विश्वास के बूते संभव हो सका। पहले लोकसभा और हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव की हमारी जीत ने इस विश्वास पर मुहर लगाई है कि छत्तीसगढ़ सरकार पर जनता का भरोसा बना हुआ है। गर्व से भरी खुशी यह भी है कि एक राज्य के तौर पर छत्तीसगढ़ ने अपनी स्थापना के 24 वर्ष पूरे कर लिए हैं। प्रदेश की जनता जनार्दन का कोटि-कोटि अभिनंदन..! हम सब मिलकर धान का कटोरा कहे जाने वाले अपने राज्य छत्तीसगढ़ को धन-धान्य से परिपूर्ण विकसित राज्य बनाएंगे, यही संकल्प है।**

बीते वर्ष दिसंबर माह में जब मैंने मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली थी तो हमारे समक्ष 'मोदी की गारंटी' को पूरा करने की चुनौती थी। सरकार का खाली खजाना हमें विरासत में मिला था लेकिन कुशल आर्थिक नीतियों और प्रबंधन के बलबूते हमने सभी बड़े वादों को पूरा कर दिखाया है। प्रदेश की आधी आबादी यानि मातृ शक्ति को आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने का वादा पूरा करते हुए हमने सर्वप्रथम महतारी वंदन योजना लागू की। जिसके अंतर्गत 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि प्रदान कर राज्य की माताओं-बहनों के सम्मान को बढ़ाया है और उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ प्रवास पर आईं तो वे इस योजना की लाभार्थी महिलाओं से रूबरू हुईं और कहा कि यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमारे राज्य के अन्नदाताओं जो गारंटी दी थी, उस गारंटी को पूरा करते हुए हमने राज्य के 13 लाख किसानों का दो साल का बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का भुगतान अपनी सरकार के गठन के एक पखवाड़े के भीतर ही कर दी थी। किसान भाईयों के बैंक खाते में बोनस की यह राशि छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म-जयंती 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस के अवसर उन्हें हमने सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की थी। प्रधानमंत्री जी की गारंटी के अनुरूप हमने राज्य के किसान भाईयों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी बीते खरीफ सीजन से ही कर रहे हैं। हमने अपने संकल्प को पूरा करते हुए किसान भाईयों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से भुगतान भी कर रहे हैं। मुझे यह कहते हुए गर्व की अनुभूति होती है कि हम अपने किसानों को धान का सर्वाधिक मूल्य दे रहे हैं। बीते खरीफ सीजन में 145 लाख मेट्रिक टन धान की हमने रिकॉर्ड खरीदी की है। इस साल भी 14 नवंबर से धान की खरीदी जारी है। राज्य में इस साल खरीफ की अच्छी फसल हुई है। धान खरीदी इस साल हम एक और नया रिकॉर्ड बनाएंगे।

राज्य में पूववर्ती सरकार ने अपनी कार्यशैली से 'भरोसे का बहुत बड़ा संकट' पैदा कर दिया था। बीते एक सालों में हमने जनहितैषी कामों से जनता जनार्दन का भरोसा जीता है। जनता में एक नया विश्वास जगा है। विकास का वातावरण निर्मित हुआ है। हमने बनाया था : हम ही संवारेंगे' के लक्ष्य के साथ हमारी सरकार जनता-जनार्दन की सेवा में लगी है। राज्य की जनता जनार्दन ने हमें सरकार चलाने की जिम्मेदारी सौंपी तो हमारे इरादे स्पष्ट थे कि सरकार शासन से सुशासन की ओर चलेगी। हमने युवाओं के सुनहरे भविष्य की राह आसान करते हुए 9000 से अधिक रिक्त पदों पर सरकारी भर्ती प्रारंभ की है। पीएससी के ताजा परीक्षा परिणामों ने प्रदेश के युवाओं में नए विश्वास और उत्साह का निर्माण किया है। 10 हजार करोड़ की राशि से चार नए राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। नगरीय निकायों और पंचायतों में आरक्षण सीमा को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का फैसला कर हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार चलाने में सभी वर्गों की समान भागीदारी होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश को माओवाद-मुक्त बनाने के लिए संकल्पित है। इसी दृष्टि बस्तर क्षेत्र में प्रस्तावित 66 सुरक्षा कैंप में से 42 की स्थापना की जा चुकी है। लाल आतंक को मुंहतोड़ जवाब देने की




नीति के अनुसार अब तक 213 माओवादियों को मार गिराया गया, 937 नक्सली गिरफ्तार हुए एवं 812 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर आने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए ठोस नीति बनाई गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है और छत्तीसगढ़ उसमें पूरे सामर्थ्य के साथ अपना योगदान दे रहा है। जल जीवन मिशन के तहत 40 लाख घरों तक नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित कर हमने 80 फीसदी लक्ष्य हासिल कर लिया है। पिछले एक वर्ष में इस अभियान ने छत्तीसगढ़ में अपनी रफ्तार पकड़ी है। हर घर को छत देने का वादा पूरा करते हुए हमने अपनी सरकार के गठन के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में 18 लाख से अधिक जरूरतमंद परिवारों के लिए आवास की स्वीकृति दी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे 2,044 करोड़ रुपए की पहली किस्त हस्तांतरित की जा चुकी है, ताकि वे अपना घर बना सकें। यह राजनीति का विषय नहीं है लेकिन दुःख के साथ कहना पड़ता है कि पिछली सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर जनता के साथ छल किया था। इसके उलट एक साल के अंदर हमने सभी वर्गों का विश्वास जीता है। लोगों के चेहरों पर खुशहाली लाने में कामयाब हुए हैं।

अभी तो यह एक पड़ाव मात्र है। जैसा कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास पर उद्घोष किया था कि विकसित छत्तीसगढ़ तो विकसित भारत, हमारी सरकार ने इस ओर कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। हम सरगुजा-बस्तर की ओर देखो' की नीति पर काम कर रहे हैं। जनजातियों के कल्याण के लिए हमने आदिवासी गांवों में बुनियादी सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए 'नियद नेल्ला नार' योजना शुरू की है। सरकार जल्द ही चना वितरण योजना शुरू करेगी, जिससे 30 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे। यह कुपोषण के खिलाफ अमोघ अस्त्र होगा। 148 हाई और हायर सेकेंडरी पीएमश्री स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब शुरू करना, आत्मसमणपत नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को 15 हजार आवास, पर्यटन परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को 147.66 करोड़ की राशि की स्वीकृति, दो हजार मेगावाट की सौर परियोजना, जगदलपुर में 118 एकड़ भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण शुरू करना, सरगुजा-बस्तर के विकास पर विशेष फोकस, नई औद्योगिक विकास नीति का निर्माण, स्वास्थ्य बजट का दुगुना होना, ये सारे फैसले हमारे विजन और बुलंद इरादों को दर्शाते हैं।

25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती है जिसे हम 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाते हैं। अटल जी हमारे राज्य निर्माता है। उन्होंने इस भौगोलिक क्षेत्र को नए राज्य के रूप में आकार देकर प्रदेशवासियों की भावनाओं का सम्मान किया। इसी के समानांतर अपने श्रम और प्रतिभा के दम पर छत्तीसगढ़वासियों ने विकास के मामले में खुद को अन्य राज्यों से आगे लाकर खड़ा कर दिया। आंकड़े गवाही दे रहे हैं। राज्य में प्रति व्यक्ति आय 01 लाख 47 हजार 361 रुपए हो गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 7.31 प्रतिशत अधिक है। हमने विकास का ज्ञान' मडल अपनाया तथा छत्तीसगढ़ की जीएसडीपी आने वाले 5 सालों में 10 लाख करोड़ करने का लक्ष्य रखा है। हमारी नई औद्योगिक विकास नीति का उद्देश्य रोजगार को बढ़ावा और 2047 के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण की परिकल्पना को साकार करना है। राज्य के प्रत्येक व्यक्ति का विश्वास हासिल करना, उनके चेहरे पर तरक्की और संतोष की मुस्कान दिखे, मेरे मुख्यमंत्री होने की सार्थकता इसी में है।

भारत-रत्न अटलजी की एक कविता की यह पंक्तियां हमें प्रेरित करती हैं कि :

*जीवन को शत-शत आहुति में,*
*जलना होगा, गलना होगा*
*क़दम मिलाकर चलना होगा।*

*-लेखक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हैं।*

मुद्दा
बलदेव राज भारतीय



# बांग्लादेश संकट : हिन्दू आखिर किसके भरोसे

विश्व के अनेक देशों में आज युद्ध की जो स्थिति बनी हुई है, वैसा ही एक संकट आज बांग्लादेश में उत्पन्न हो रहा है। इस संकट का बीजारोपण आज नहीं बल्कि धर्म और जिहाद की आड़ में वर्षों पहले ही रोपित हो चुका था। पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार न केवल मानवाधिकारों का हनन है बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए भी चुनौती बन गया है। बीते कुछ वर्षों में, बांग्लादेश में चरमपंथी ताकतों का उभार हुआ है, और उनके हाथों में सत्ता की चाबी आने के बाद से स्थिति और भी विकट हो गई है। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक लंबे समय से उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, पुजारियों पर जानलेवा हमले किए जा रहे हैं, और हिंदू परिवारों को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जो लोग धर्मांतरण के लिए तैयार नहीं होते, उन्हें जान से मार दिया जाता है। इन घटनाओं ने अल्पसंख्यक समुदायों के बीच भय और असुरक्षा की भावना को बढ़ा दिया है। ऐसा लगता है कि विश्व मानवाधिकार आयोग वाले कहीं सोए पड़े हैं। उन्हें हिन्दू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार दिखाई नहीं पड़ रहे। जिन लोगों को भारत में रहने पर डर लगता था, उन्हें शायद बांग्ला देश की घटनाएं सुकून देने वाली लगती होंगी। हिंदू धर्मस्थलों पर हमले की घटनाएं बांग्लादेश में चरमपंथी ताकतों की योजनाबद्ध साजिश को उजागर करती हैं। इन घटनाओं का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि सरकारी तंत्र इन पर अंकुश लगाने की बजाय इन्हें बढ़ावा दे रहा है।

मोहम्मद युनुस जैसे नेताओं के प्रभाव के तहत, पाकिस्तान के साथ नजदीकी बढ़ाई जा रही है। पाकिस्तान से हथियार खरीदे जा रहे हैं और देश में बड़े पैमाने पर सैन्य सामग्री का संग्रह हो रहा है। इस प्रकार के कदम न केवल बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे हैं। हथियारों और सैन्य सामग्री का यह संग्रह स्पष्ट रूप से किसी बड़े उद्देश्य की ओर इशारा करता है। क्या यह भारत के खिलाफ किसी रणनीति का हिस्सा है? क्या बांग्लादेश में उभरते चरमपंथी तत्व क्षेत्र में अशांति फैलाने की साजिश रच रहे हैं? ये सवाल गंभीर चिंताओं को जन्म देते हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। भारत और बांग्लादेश का साझा इतिहास और भूगोल इस संकट के प्रभाव को सीमित करने की अनुमति नहीं देता। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान भी लाखों लोग भारत में शरण लेने को मजबूर हुए थे। वर्तमान में भी यदि स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई, तो भारत को एक नए शरणार्थी संकट का सामना करना पड़ सकता है। बांग्लादेश से पलायन कर आए शरणार्थियों की संख्या में वृद्धि भारत में सामाजिक और सांप्रदायिक तनाव को बढ़ा सकती है। सीमावर्ती क्षेत्रों में पहले से ही संसाधनों की कमी है। इन परिस्थितियों में, बड़ी संख्या में शरणार्थियों का आगमन स्थानीय आबादी के साथ संघर्ष का कारण बन सकता है। भारत और बांग्लादेश के बीच लंबी सीमा है, जो कई जगहों पर छिद्रपूर्ण है।

ऐसे में चरमपंथी तत्वों और उनके विचारों का भारत में प्रवेश करना आसान हो सकता है। यह स्थिति भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की शांति और स्थिरता को बाधित कर सकती है। भारत ने हमेशा बांग्लादेश के साथ सौहार्दपूर्ण और सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने की कोशिश की है। लेकिन अगर बांग्लादेश सरकार चरमपंथी ताकतों पर अंकुश लगाने में विफल रहती है, तो यह द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर कर सकता है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की स्थिति सुधारने और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बांग्लादेश पर यह दबाव बनाना चाहिए कि वह अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। संयुक्त राष्ट्र और अन्य मानवाधिकार संगठनों को इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाना चाहिए। ऐसा नहीं किया गया तो इसका प्रभाव पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र पर पड़ेगा। भारत सरकार को भी चाहिए कि हिंदुओं पर हो रहे हमलों पर वह बांग्लादेश को चेतावनी दे और वहां पर हालात सही होने तक समस्त भारत बांग्लादेश सीमा पर चौकसी बढ़ा दे। बांग्लादेश को यह समझना होगा कि उसकी आंतरिक स्थिरता और विकास तभी संभव है, जब वह सभी नागरिकों को समान अधिकार और सुरक्षा प्रदान करे। भारत को भी अपने पड़ोसी देश में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना होगा।

(लेखक इतिहास प्रवक्ता एवं स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
दर्शन

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।


## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### पाक के पास जा रहा बांग्लादेश

1971 के मुक्ति संग्राम के बाद भारत के सैन्य समर्थन से पाकिस्तान से आजाद हुआ बांग्लादेश इन दिनों भारत से दूर और पाकिस्तान के पास जाता नजर आ रहा है। इस साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से ही वहां सियासी उथल-पुथल चल रही है और माहौल में भारत के खिलाफ नफरत घोलकर पाकिस्तान से नजदीकी बढ़ाई जा रही है। साफ लगता है कि बांग्लादेश अपने और भारत के कट्टर दुश्मन पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधार रहा है। और संदेश देना चाहता है कि वह अब दक्षिण एशियाई राजनीति को भारत के नजरिए से नहीं देखेगा। हाल के दिनों में पाकिस्तान ने भी ऐलान किया है कि अब बांग्लादेशी नागरिक बिना किसी वीजा शुल्क के उनके देश की यात्रा कर पाएंगे। दोनों देशों में सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की भी घोषणा की गई है। *- संकेत अग्रवाल, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### हांगकांग में सरकार विरोधी प्रदर्शन के लिए सांसद दोषी

हांगकांग के एक न्यायाधीश ने लोकतंत्र समर्थक एक पूर्व सांसद को जुलाई 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान शहर में एक मेट्रो स्टेशन पर भीड़ द्वारा हिंसा के दौरान दंगा करने के लिए बृहस्पतिवार को दोषी ठहराया। अभियोजकों ने लैम चेउक-टिंग पर लकड़ी के डंडों और धातु की छड़ लिये लगभग 100 लोगों के एक समूह को उकसाने का आरोप लगाया। अभियोजकों के मुताबिक, इन लोगों ने ट्रेन स्टेशन पर प्रदर्शनकारियों और राहगीरों पर हमला किया। अभियोजकों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने काली शर्ट पहनी थी जबकि कुछ लोगों ने सफेद शर्ट पहनी हुई थी और वे दावा कर रहे थे कि वे हांगकांग के नये क्षेत्रों के एक आवासीय जिले यूएन लॉन्ग में अपनी मातृभूमि की रक्षा कर रहे हैं। हिंसा में लैम समेत दर्जनों लोग घायल हो गये थे और इस हिंसा ने विरोध आंदोलन को और तेज कर दिया क्योंकि जनता ने पुलिस की देरी से की गई कार्रवाई की आलोचना की थी। न्यायाधीश स्टेनली चेन ने फैसला सुनाया कि लैम मध्यस्थ के रूप में काम नहीं कर रहा था जैसा कि उसने दावा किया था बल्कि वह राजनीतिक लाभ के लिए स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा कि लैम के शब्दों ने सफेद शर्ट पहने लोगों को उकसा दिया।



## ऑफ बीट

### मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है

ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा-आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।



## ट्रेंड

### संविधान का अपमान शर्मनाक



महाराष्ट्र के परभणी मेंभारतरत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा एवं संविधान का किया गया अपमान अति-निन्दनीय व शर्मनाक। वहाँ की सरकार, ऐसे जातिवादी व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तुरन्त सख़्त क़ानूनी कार्रवाई करे।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### दलितों पर अत्याचार



आज हाथरस जाकर 4 साल पहले हुई शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीड़ित परिवार से मिला। मुलाक़ात के दौरान उन्होंने जो बातें बताई उसने मुझे झकझोर कर रख दिया। इस परिवार की हताशा और निराशा भाजपा द्वारा दलितों के ऊपर किए जा रहे अत्याचार की सच्चाई को दिखाते हैं।
- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### कानून का शासन लाएंगे



क्रिस्टोफर रे का इस्तीफा अमेरिका के लिए एक महान दिन है क्योंकि यह अन्याय विभाग के रूप में जाने जाने वाले हथियारीकरण को समाप्त कर देगा। अब हम सभी अमेरिकियों के लिए कानून का शासन बहाल करेंगे।
-डोनाल्ड ट्रम्प, राष्ट्रपति, यूएसए

### एआई कार्यक्रम



आशा भय, विश्वास, प्रेम, अनिश्चितता और अक्सर मूर्खता का मिश्रण है .. मुझे संदेह है कि कोई भी इन भावनाओं को एआई कार्यक्रम में कोड कर सकता है। इससे डरने का एकमात्र कारण हमारी अपनी जड़ता है। -शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**जीते 21 करोड़**

फेडरेशन के 138 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब एशिया के दो खिलाड़ी वर्ल्ड चैंपियन के खिताब के लिए आमने-सामने थे। चैंपियन बनने वाले गुकेश को करीब 20.86 करोड़ रुपए मिलेंगे।

**14** बाजी का मुकाबला | **7.5** जरूरी अंक जुटाए | **25** लाख डॉलर की इनामी राशि

गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराया

*मैं पिछले 10 वर्षों से इस पल का सपना देख रहा था। मुझे खुशी है कि मैंने इस सपने को हकीकत में बदला। मैं थोड़ा भावुक हो गया था क्योंकि मुझे जीत की उम्मीद नहीं थी। लेकिन फिर मुझे आगे बढ़ने का मौका मिला।*
*- डोम्माराजू गुकेश*

# गुकेश 'शह-मात' के नए बादशाह, 18 वर्ष की उम्र में बने वर्ल्ड चैंपियन

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश गुरुवार को खिताबी मुकाबले की रोमांचक 14वीं और आखिरी बाजी में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हराकर 18 साल की उम्र में सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बने। उन्होंने 7.5-6.5 ▶▶|शेष पेज 2 पर

**18वें विश्व विजेता**

गुकेश ने चार घंटे में 58 चाल के बाद लिरेन के खिलाफ 14वीं बाजी जीती और कुल मिलाकर 18वें विश्व शतरंज चैंपियन बने। यदि गुरुवार की बाजी भी ड्रॉ रहती तो विजेता का फैसला शुक्रवार को कम अवधि के टाईब्रेक में होता।



### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने दी बधाई

'विश्व शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने पर गुकेश को हार्दिक बधाई। उन्होंने भारत को बहुत गौरवांवित किया है। उनकी जीत ने शतरंज महाशक्ति के रूप में भारत की साख को मजबूत किया है। बहुत बढ़िया गुकेश! हर भारतीय की ओर से मैं आपके भविष्य में भी गौरवशाली बने रहने की कामना करती हूं।
**- द्रौपदी मुर्मू**, राष्ट्रपति

'ऐतिहासिक और अनुकरणीय! डी गुकेश को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई। यह उनकी अद्वितीय प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय का परिणाम है। उनकी जीत ने ना केवल शतरंज के इतिहास में उनका नाम दर्ज किया है बल्कि लाखों युवाओं को बड़े सपने देखने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।'
**- नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

## खबर संक्षेप

### नवंबर में घट गई खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 5.48 प्रतिशत पर आ गई है। इसकी मुख्य वजह खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों की कीमतों में नरमी है। सीपीआई के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति घटकर 9.04 प्रतिशत रह गई।



### हवाई अड्डे पर 17 लाख का सोना जब्त

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टॉफी के रैपर के अंदर छुपाया गया 17 लाख रुपए से अधिक मूल्य का सोना जब्त किया है। दोहा से दिल्ली की यात्रा कर रहे राजस्थान के यात्री ने टॉफी के रैपर के अंदर सोने की चेन छिपाई थी।



### राजौरी में सैनिक ने खुद को मारी गोली

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सेना के जवान ने कथित रूप से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अंजावली गांव में अपने 'कैंप' में 'संतरी' की ड्यूटी कर रहे हवलदार अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली।



### भारतीय वायुयान विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत में विमानों के डिजाइन और निर्माण से जुड़े भारतीय वायुयान विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई है। भारतीय वायुयान विधेयक 90 वर्ष पुराने विमान अधिनियम का स्थान लेगा। विधेयक को इस माह के प्रारंभ में संसद से मंजूरी मिली थी।



### महाकुंभ में 'हर घर जल' गांव बसाएगी योगी सरकार

**महाकुंभनगर।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार महाकुंभ-2025 में एक 'हर घर जल' गांव बसाएगी। यह 40 हजार वर्ग फुट क्षेत्र में फैला होगा। इस गांव में जहां एक तरफ जल जीवन मिशन बुंदेलखंड के तहत हर घर तक नल से जल पहुंचाने की कहानी बताई जाएगी।




छग में सक्रिय मोस्ट वांटेड अलग-अलग विंग के 450 नक्सली टारगेट में

# टार्गेट में 450 नक्सली, कुंडली बनी, टॉप पर हिड़मा का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 150 पीएलजीए बटालियन कंपनी मेंबर, 150 एसीएम समेत 450 नक्सली की कुंडली तैयार
- गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक नक्सलवाद के सफाए के ऐलान के बाद एक्शन मोड में फोर्स

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक नक्सलवाद के सफाये के ऐलान के बाद बस्तर में तैनात फोर्स एक्शन मोड में है। चार दिन बाद दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर आ रहे गृहमंत्री के प्रवास से पूर्व बस्तर पुलिस ने बस्तर में सक्रिय 150 पीएलजीए बटालियन कम्पनी मेंबर, 150 एसीएम समेत 450 नक्सली की कुंडली तैयार की है। इन पर आने वाले दिनों में टार्गेट करने की रणनीति तैयार कर ली गई है।

**हरिभूमि खास**

बस्तर से नक्सलवाद के खात्मे के लिए सरकार ने एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। बस्तर में तैनात पैरामिलिट्री फोर्स व अन्य सुरक्षा बलों के टार्गेट पर मोस्ट वांटेड नक्सली होंगे, जिनकी संख्या 150 के लगभग बताई जा रही है। बस्तर में शांति स्थापना के लिए प्रदेश समेत ▶▶|शेष पेज 2 पर

### 4 हजार वर्ग किमी में नक्सलियों की मौजूदगी की खबर

जानकारी के मुताबिक बस्तर संभाग के लगभग 4 हजार वर्ग किमी इलाके में अब भी नक्सली सक्रिय है। इन्ही इलाकों में नक्सलियों का सबसे सुरक्षित माने जाने वाला अबूझमाड़ इलाका भी शामिल है, जिसका अधिकांश क्षेत्र काफी हद तक फोर्स के कब्जे में आ गया है, इतना ही नहीं जो टाइम लाइन सरकार ने दिया है उस पर काफी हद तक सफलता भी मिल रही है, बावजूद बस्तर से पूरी तरह ▶▶|शेष पेज 2 पर


बस्तर में बड़ा और ऐतिहासिक आपरेशन
मारे गए 30 नक्सली

### मिलिट्री बटालियन समेत 450 नक्सली की कुंडली तैयार...


बस्तर सभाग में सक्रिय 150 पीएलजीए बटालियन कम्पनी मेंबर, 150 एसीएम समेत 450 नक्सलियों को चिन्हित कर उनकी कुंडली तैयार की गई है। जिन्हें लगातार टॉरगेट करने हम प्रयासरत हैं, यही वजह है कि इस वर्ष अब तक 4 से अधिक करोड़ों के इनामी नक्सलियों को सुरक्षाबल मुठभेड़ में ढेर कर चुके है। **- सुदंरराज पी,** आईजी बस्तर

### मोस्ट वांटेड की सूची में सबसे ऊपर हिड़मा

बस्तर पुलिस द्वारा तैयार मोस्ट वांटेड नक्सलियों की सूची में सबसे ऊपर सेंट्रल कमेटी मेंबर हिड़मा है, जिस पर 50 लाख से अधिक का इनाम घोषित है। प्रदेश में माओवादियों का शीर्ष नेतृत्व तेलंगाना से है, बावजूद हिड़मा ऐसा नाम है जो बस्तर में हुए सभी बड़ी घटनाओं का मास्टर माइंड माना जाता है। रमन्ना की मौत के बाद हिड़मा को मिलिट्री बटालियन चीफ से प्रमोट करते हुए सेण्ट्रल कमेटी मेंबर बनाए जाने की जानकारी मिल रही है जो तीन दशक से संगठन में सक्रिय है। वह 4 लेयर सुरक्षा घेरे के अंदर रहता है। 90 के दशक में नक्सलियों के साथ शामिल होने वाला हिड़मा के बारे में आज कई किस्से हैं। कई लोग कहते हैं वो फर्राटेदार अंग्रेजी बोलता है, जबकि हकीकत में वो तेलुगू, गोंडी के साथ कुछ स्थानीय बोलियां समझता और बोलता है और हमेशा एके-47 से लैस रहता है।

# जवानों ने फिर मार गिराए सात नक्सली

**इस साल अब तक 217 मारे गए**





- मारे गए नक्सलियों में दो महिला नक्सली भी शामिल लाखों के इनामी
- मुठभेड़ में मारे गए नक्सली इंद्रावती दलम के शिनाख्त का प्रयास जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ नारायणपुर

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर प्रवास के दो दिन पूर्व सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। 48 घंटे पूर्व माड़ के दक्षिणी क्षेत्र में शीर्ष नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद चार जिले के एक हजार से अधिक जवान नक्सल विरोधी अभियान में रवाना हुए और गुरुवार तड़के मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया। इनमें दो महिला नक्सली भी शामिल हैं। मुठभेड़ स्थल से सात नक्सली के शव के अलावा अत्याधुनिक हथियार व भारी मात्रा में विस्फोटक व नक्सली सामग्री ▶▶|शेष पेज 2 पर

### मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के इंद्रावती दलम के होने की खबर

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के इन्द्रावती दलम के होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जिनके शिनाख्त का प्रयास जारी है। बताया जा रहा है कि शीर्ष नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया इनपुट के बाद आपरेशन लांच किया गया था। शीर्ष नक्सली बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए थे, लेकिन फोर्स को इसकी पहले ही सूचना मिल गई थी। जिसके चलते 48 घंटे पहले आपरेशन लांच कर माओवादियों को घेरने जवानों को रवाना कर दिया गया था।

### बेहतर तालमेल के चलते लगातार मिल रही सफलता, अब तक 217 ढेर

आईजी सुन्दरराज पी ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस बल तथा केन्द्रीय अर्धसैनिक बल द्वारा बेहतर तालमेल एवं रणनीति के साथ काम किया जा रहा है। यही वजह है कि पिछले लगभग एक वर्ष 13 दिसम्बर 2023 से 12 दिसम्बर 2024 के बीच बस्तर संभाग के अलग अलग जिलों में हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने करोड़ों रुपए के इनामी 217 माओवादियों को मार गिराकर उनके शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं दर्जनों की संख्या में अत्याधुनिक हथियार, गोला बारूद व भारी संख्या में नक्सली सामग्री बरामद की जा चुकी है।

**न सुनवाई, न फैसला**

# धार्मिक स्थलों से जुड़े नए मुकदमों पर 'सुप्रीम' रोक

- विभिन्न हिंदू पक्षों द्वारा दायर लगभग 18 मुकदमों में कार्यवाही पर लगी रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में गुरुवार को अगले आदेश तक देश की अदालतों को धार्मिक स्थलों, विशेषकर मस्जिदों और दरगाहों पर दावा करने संबंधी नए मुकदमों पर विचार करने और लंबित मामलों में कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने से रोक दिया। सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, क्योंकि मामला इस अदालत में विचाराधीन है, इसलिए हम यह उचित समझते ▶▶|शेष पेज 2 पर

### देशभर में 18 मामले लंबित

सुनवाई के दौरान पीठ ने पूछा, अभी कितने मुकदमे लंबित हैं? इस पर एक वकील ने बताया कि देशभर की कई अदालतों में 10 मस्जिदों से संबंधित कुल 18 मुकदमे लंबित हैं। पीठ ने कहा, अंततः हमें दलीलें सुननी होंगी। इसने कहा कि प्राथमिक मुद्दा 1991 के कानून की धारा 3 और 4 से संबंधित है।

### विभिन्न पक्षों की याचिका स्वीकार

सुप्रीम कोर्ट ने कार्यवाही में हस्तक्षेप करने के अनुरोध वाली मुस्लिम निकायों समेत विभिन्न पक्षों की याचिकाओं को स्वीकार कर लिया। कोर्ट में लगभग छह याचिकाएं विचाराधीन हैं। मुख्य याचिका में अधिनियम की धारा 2, 3 और 4 को रद्द करने का अनुरोध किया गया है।

**इसी सत्र में होगा पेश**

# 'एक देश, एक चुनाव' बिल पर कैबिनेट की मुहर

- पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक
- संसद में जल्द पेश होगा विधेयक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को दो विधेयकों को मंजूरी दे दी, जिनमें से एक विधेयक 'एक देश, एक चुनाव' को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन से संबंधित है। विधेयकों से जुड़ा मसौदा कानून मौजूदा शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। सूत्रों ने कहा कि फिलहाल मंत्रिमंडल ने केवल लोकसभा और ▶▶|शेष पेज 2 पर

### क्या होगा फायदा

सरकार का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से दीर्घकालिक रूप से खर्च में कमी आएगी। देश के विभिन्न हिस्से विभिन्न चुनावों के कारण पूरे साल आदर्श आचार संहिता के दायरे में नहीं रहेंगे। देश में 1951 और 1967 के बीच एक साथ चुनाव हुए थे। अवधारणा 1983 के बाद से कई रिपोर्ट और अध्ययनों में सामने आई है।

### राज्यों का अनुमोदन जरूरी नहीं

प्रस्तावित विधेयक एक सामान्य कानून होगा, जिसके लिए संविधान में बदलाव की आवश्यकता नहीं होगी। राज्यों से अनुमोदन की आवश्यकता भी नहीं होगी। सरकार विधेयकों पर व्यापक विचार-विमर्श करने की इच्छुक है जिन्हें संसदीय समिति को भेजे जाने की संभावना है।






**पुलिस मुख्यालय ने जेल प्रबंधन से जवाब मांगा**

# 22 साल पहले पैरोल पर छूटा बदमाश अब तक नहीं लौटा, ऐसे सात, छह हत्या के अपराधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय जेल रायपुर अपराध करने वालों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। 22 साल पूर्व पैरोल पर छूटे हत्या के सजायाफ्ता बंदी ने अब तक जेल में अपनी आमद दर्ज नहीं कराई है। इसी तरह से पैरोल पर छूटे हत्या के पांच अन्य तथा एक नकली नोट मामले में सजायाफ्ता कैदी ने जेल में अपनी आमद दर्ज नहीं कराई है। ▶▶|शेष पेज 2 पर

**खास खबर**






**ज्यादातर बीमारी का बहाना:** सूत्रों के मुताबिक जो जानकारी मिली है, उनमें से ज्यादातर कैदी बीमारी का बहाना कर जेल से पैरोल लेने के बाद फरार हुए हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस मुख्यालय जेल प्रबंधन से पैरोल पर छूटे बदमाशों के अब तक आमद दर्ज नहीं कराए जाने से नाराज है। पुलिस मुख्यालय ने जेल प्रशासन को पत्र लिख कर इस संबंध में जवाब मांगा है।

### इन कैदियों को इन वर्षों में मिली थी पैरोल

- शिवकुमार उर्फ मुन्ना, हत्या के आरोप में आजीवन कारावास, 5 दिसंबर 2002
- गणेश देवांगन, हत्या के आरोप में आजीवन कारावास, 23 जुलाई 2008
- संजीत उर्फ सुजीत, हत्या के आरोप में आजीवन कारावास, 8 सितंबर 2010
- कृष्ण कुमार, हत्या के आरोप में आजीवन कारावास, 31 अगस्त 2013 ▶▶|शेष पेज 2 पर

## शुक्रवार से लोकसभा में 'बहस' की होगी शुरुआत

# संसद में मनाई जाएगी आज संविधान की 75वीं सालगिरह

## पीएम मोदी लोकसभा में कल बहस का देंगे जवाब, संविधान दिवस पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय संविधान को अपनाए जाने की 75वीं वर्षगांठ 13 दिसंबर और 14 दिसंबर 2024 को लोकसभा में मनाई जाएगी। इस मौके पर संसद में संविधान दिवस पर बहस आयोजित होगी। राज्यसभा में संविधान दिवस पर 16 दिसंबर को 12 घंटे चर्चा होगी और सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों को अपनी बात रखने के लिए छह-छह घंटे का समय मिलेगा। मंगलवार को उच्च सदन की कार्य सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में इस बारे में निर्णय हुआ। साथ ही यह भी कहा गया कि प्रत्येक पार्टी के संख्याबल के आधार पर समय का बंटवारा किया जाएगा।

भाजपा-कांग्रेस ने अपने लोकसभा सांसदों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। जानकारी के मुताबिक, 13 और 14 दिसंबर को संविधान पर होने वाली बहस के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी कर चर्चा के दौरान सदन में मौजूद रहने के लिए कहा है। यह व्हिप एक तरह का आदेश होता है, जिसका पालन करना हर सांसद के लिए अनिवार्य होता है। इसमें उन्हें सदन में उपस्थित रहकर पार्टी लाइन पर वोट देना होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बहस का जवाब 14 दिसंबर, शनिवार को लोकसभा में देंगे। गृह मंत्री अमित शाह 16 दिसंबर को राज्यसभा में इसी विषय पर बहस शुरू करेंगे।

■ कांग्रेस-बीजेपी ने सांसदों को जारी किया व्हिप


संविधान दिवस पर 12 घंटे चर्चा, पक्ष-विपक्ष को मिलेंगे 6-6 घंटे

संसद शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ को लेकर एक ऐतिहासिक चर्चा की तैयारी कर रही है। यह बहस लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को तथा राज्यसभा में 16 और 17 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 दिसंबर को लोकसभा को संबोधित करेंगे और संविधान के महत्त्व पर प्रकाश डालेंगे। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 16 दिसंबर को राज्यसभा में बहस की अगुवाई करेंगे। उधर, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सत्ताधारी बीजेपी पर करारा वार किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सदन चलाना चाहता है और 13 दिसंबर को संविधान पर बहस चाहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ लगे आरोपों पर चर्चा नहीं करना चाहती।

■ 14 दिसंबर को पीएम मोदी देंगे बहस का जवाब

### 26 नवंबर 1949 को अंगीकार किया गया संविधान

संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। इसी दिन 1949 को भारतीय संविधान को अंगीकार किया गया। इस साल संविधान के अंगीकार होने के 75 साल पूरे हुए हैं। भारत का संविधान को बनाने में दो वर्ष, 11 माह और 18 दिन का समय लगा। जिसके बाद भारत गणराज्य का संविधान 26 जनवरी 1949 को बनकर तैयार हो गया, लेकिन इसे आधिकारिक तौर पर 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। इस दिन हम हर साल गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं।

---

सुप्रीम कोर्ट ने एक अन्य मामले में की टिप्पणी

# 'हैरेसमेंट' के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी नहीं ठहरा सकते

अतुल सुभाष सुसाइड केस के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो जाती हैं यह टिप्पणियां

ससुरालवालों को मिल सकती है इससे मदद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध के लिए किसी को दोषी ठहराने के लिए केवल उत्पीड़न पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उकसाने के स्पष्ट सबूत होने चाहिए।न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और पी बी वराले की पीठ ने गुजरात हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर फैसला सुनाते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें एक महिला को कथित रूप से परेशान करने और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए उसके पति और उसके ससुराल वालों को आरोपमुक्त करने से इनकार कर दिया गया था।ऐसे में 34 वर्षीय एआई इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस के मद्देनजर इस फैसले में की गई टिप्पणियां महत्वपूर्ण हो जाती हैं। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी अतुल सुभाष केस में आरोपी निकिता और उसके परिवार के सदस्यों के लिए मददगार साबित हो सकती हैं। बता दें बेंगलुरू में कार्यरत अतुल की खुदकुशी पूरे देश में सुर्खियों में है। मूल रूप से बिहार के रहने वाले अतुल सुभाष ने पत्नी और ससुराल वालों से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी।पुलिस ने अतुल के भाई की शिकायत के आधार पर अतुल की पत्नी निकिता सिंघानिया, उनकी मां निशा, पिता अनुराग और चाचा सुशील के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने 10 दिसंबर के अपने फैसले में कहा, 'आईपीसी की धारा 306 के तहत दोषसिद्धि के लिए यह एक सुस्थापित कानूनी सिद्धांत है कि सुसाइड के लिए उकसाने का इरादा स्पष्ट होना चाहिए।





### अंधेरे में ही भागते दिखे अतुल के ससुराल वाले

मामले की जांच करने के लिए बेंगलुरु पुलिस की एक टीम जौनपुर भी पहुंच गई है।इधर, अतुल की पत्नी और ससुराल वाले रात के अंधेरे में अपने जौनपुर वाले घर से भाग गए हैं।उन्हें बाइक पर बैठकर भागने का फुटेज मिला है।

#### निकिता की मां की वजह से सब हुआ खराब : अतुल के पिता

अतुल सुभाष के पिता ने कहा कि बेटे की अप्रैल 2019 में शादी हुई।बेंगलुरू में निकिता की मां 2021 में साथ रहने आई थी, उसके बाद ही स्थितियां बिगड़ने लगी और विवाद शुरू हो गया। अतुल और निकिता में कोई झगड़ा नहीं था।लेकिन निकिता के मां की वजह से सबकुछ खराब हो गया। अतुल ने प्रताड़ना को लेकर हमसे तो कुछ शेयर नहीं किया। लेकिन अचानक से सबकुछ कर लिया। मैं बस यही कहना चाहता हूं कि और कोई अतुल न बने इसलिए कानून में सुधार हो और भ्रष्ट जजों पर कार्रवाई हो।

#### 84 हजार थी अतुल की सैलरी देने पड़ते थे करीब 45 हजार

फैमिली कोर्ट में अतुल सुभाष का केस लड़ने वाले वकील ने अहम खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया, अतुल और उनकी पत्नी दोनों ही आर्थिक तौर पर मजबूत थे। पत्नी की अच्छी तनख्वाह है जबकि अतुल बेंगलुरु में रहता था और 84,000 रुपये हर महीने कमाता था। वकील ने बताया कि फैमिली कोर्ट ने उसे नाबालिग बेटे के लिए 40,000 रुपये प्रति माह गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था।

---

झांसी में मस्जिद से ऐलान के बाद गरमाया माहौल, बाद में गिरफ्तार

# एनआईए का विरोध, भीड़ ने हंगामा कर मुफ्ती को छुड़ाया


एजेंसी ▶▶| झांसी

विदेशों तक दीनी तालीम के लिए ऑन लाइन क्लास चलाने वाले मुफ्ती के सहारे एटीएस और एनआईए विदेशी फंडिंग का सुराग तलाशने में जुटी है। झांसी कोतवाली क्षेत्र स्थित सलिम बाग बाहर दतिया गेट निवासी खालिद नदवी दीनी तालीम की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन क्लास चलता है। गुरुवार तड़के केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए और एटीएस की संयुक्त टीम की टीम ने यहां छापा मारा। एनआईए की कार्रवाई के दौरान मुफ्ती खालिद से किसी को मिलने नहीं दिया। इस पर वहां के लोगों ने मस्जिद से ऐलान कर दिया। ऐलान के बाद मुफ्ती खालिद के घर के बाहर भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने हंगामा कर दिया। भीड़ ने मुफ्ती खालिद को भी छुड़ा लिया। हालांकि टीम ने फिर से मुफ्ती खालिद को हिरासत में ले लिया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। फिलहाल अभी भी पूछताछ चल रही है।



#### कौन हैं मुफ्ती खालिद?

बता दें कि मुफ़्ती खालिद नदवी अलीगोल इलाके की सुपर कॉलोनी में ऑनलाइन दीनी तालीम देते हैं। उनपर विदेशी फंडिंग लेने के शक में एनआईए टीम ने रात करीब ढाई बजे छापेमारी की। एनआईए को शक है कि ऑनलाइन मदरसा संचालन के दौरान मुफ़्ती खालिद नदवी ने विदेशों से फंडिंग ली। जब पूछताछ के बाद एनआईए की टीम ने मुफ़्ती खालिद को हिरासत में लिए तो बखेड़ा खड़ा हो गया।



---

भाजपा सरकार ने जो वादे किए थे वे आज तक पूरे नहीं हुए हैं

# परिवार डर के साए में... हाथरस कांड के पीड़ितों से मिले राहुल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को हाथरस में रेप पीड़िता के परिवार से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'पूरा परिवार आज भी डर के साए में जी रहा है। उनके साथ क्रिमिनल्स के जैसा व्यवहार किया जा रहा है। वे स्वतंत्र रूप से कहीं आ-जा नहीं सकते हैं - उन्हें हर समय बंदूक और कैमरों की निगरानी में रखा जाता है।'

उन्होंने आगे लिखा, 'भाजपा सरकार ने उनसे जो वादे किए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। न तो सरकारी नौकरी दी गई है और न ही उन्हें किसी दूसरी जगह घर देकर शिफ्ट करने का वादा पूरा किया गया है। पीड़ित परिवार को न्याय देने के बजाय, सरकार उन पर तरह-तरह से अत्याचार कर रही है। दूसरी तरफ़ आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। इस परिवार की हताशा और निराशा भाजपा द्वारा दलितों के ऊपर किए जा रहे अत्याचार की सच्चाई को दिखाते हैं। लेकिन हम इस परिवार को यूं ही इनके हाल पर रहने को मजबूर नहीं होने देंगे। इन्हें न्याय दिलाने के लिए हम पूरी ताक़त के साथ लड़ेंगे।'



### परिवार का दावा

बता दें कि हाथरस पीड़ित परिवार ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर दावा किया था कि योगी सरकार द्वारा किए गए वादे आज तक पूरे नहीं किए गए हैं। ये पत्र राहुल गांधी के नाम 2 जुलाई को लिखा गया था।इसके बाद राहुल ने परिवार से मिलने का फैसला किया क्योंकि परिवार ने उनसे मदद मांगी थी। राहुल गांधी को लिखे पत्र में पीड़िता के परिवार ने कहा था,'सरकार ने किए हुए वादे पूरे नहीं किए।न घर मिला और न ही नौकरी दी गई।चार साल से हम जेल जैसी स्थिति में रह रहे हैं। घर के चारों तरफ पुलिस बैठी है, कहीं जाते हैं तो पुलिस जाती है। पुलिस नौकरी नहीं करने दे रही। अपराधी खुले में घूम रहे हैं, लेकिन हम घर में 4 साल से जेल जैसी स्तिथि में रह रहे हैं।

### वायुसेना के लिए एचएएल से खरीदे जाएंगे 12 सुखोई विमान

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना में घटती लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन को जल्द मजबूती मिलती हुई नजर आ रही है। क्योंकि रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से बल के लिए कुल एक दर्जन (12) सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पर कुल 13 हजार 500 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मंत्रालय ने बताया कि इस अनुबंध के जरिए केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर अभियान को काफी बढ़ावा मिलेगा।

---

सुनील पाल और मुश्ताक खान किडनैपिंग केस में नया खुलासा

# एक ही गैंग ने किया था दोनों कॉमेडियन का अपहरण




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉमेडियन सुनील पाल के अपहरण कांड में नया खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि सुनील पाल का अपहरण करने के बाद किडनैपर उन्हें मेरठ से बिजनौर भी लेकर आए थे और एक बैंक्वेट हॉल में करीब दो घंटे तक बंधक बनाकर रखा था।

पुलिस ने जांच के दौरान इस बैंक्वेट हॉल की सीसीटीवी डीवीआर अपने कब्जे में ले ली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कॉमेडियन सुनील पाल और कॉमेडियन मुश्ताक खान अपहरण कांड को अंजाम देने वाला एक ही गैंग है, जिसमें मुख्य आरोपी लवी पाल ओर अर्जुन कर्णवाल हैं। फिलहाल, दोनों पुलिस की पकड़ से दूर हैं। उनकी तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगी हैं। अभी तक मामले में 6 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। उधर, पुलिस ने बयान देने के लिए कॉमेडियन मुश्ताक खान को बिजनौर बुलाया है ताकि वो उस घर की भी पहचान कर सकें जिसमें उन्हें बंधक बनाकर रखा गया था।मुश्ताक ने स्वस्थ्य होने के बाद बिजनौर आने की बात कही है।

### बिजनौर से जुड़े तार

मुश्ताक खान अपहरण मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद बिजनौर और मेरठ पुलिस मिलकर केस की जांच कर रही है। क्योंकि, आशंका है कि दोनों को किडनैप कर फिरौती वसूलने वाला गैंग एक ही है और उसके तार बिजनौर से जुड़े हैं। बिजनौर के एसपी सिटी संजीव वाजपेई ने बताया कि अपहरण केस में आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। इसके लिए दिल्ली और उत्तराखंड में भी पुलिस की टीमों को भेजा गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर इस अपहरण कांड का खुलासा किया जाएगा।



हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

# 25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# सुशासन का 1 साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

## नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़

- हवाई सेवाओं का विस्तार- बिलासपुर से कोलकाता, नई दिल्ली और जगदलपुर से दिल्ली के लिए नई हवाई सेवाएं
- नई रेल लाइन- कटघोरा से डोंगरगढ़ के बीच 27 स्टेशन रेल लाइन के लिए ₹300 करोड़ का प्रावधान
- स्टेट कैपिटल रीजन- रायपुर, दुर्ग-भिलाई के संग नए स्टेट कैपिटल रीजन का निर्माण
- ई-बस सेवा- रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा में 240 ई-बसों की शुरुआत
- ऊर्जा उत्पादन- छत्तीसगढ़ में 25,000 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन जल, सौर और ताप ऊर्जा से आत्मनिर्भर
- मार्गों का विस्तार- 31 हजार करोड़ रुपये से सड़कों और राजमार्गों का निर्माण 236.1 कि.मी. का आर्थिक गलियारा

## हमारी संस्कृति हमारी पहचान

### राजिम कुंभ रामोत्सव
24 फरवरी से 8 मार्च तक भव्य आयोजन

### शक्तिपीठ का विकास
कुदरगढ़, चंद्रहासिनी, महामाया, बम्लेश्वरी और दंतेश्वरी मंदिर 1000 कि.मी. तीर्थ श्रृंखला, ₹5 करोड़ का प्रावधान

### श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना
प्रतिवर्ष 20,000 श्रद्धालु होंगे लाभान्वित



## महिला शक्ति को मिला सम्मान और सुरक्षा सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक पहलें

### महिला शक्ति को मिला सम्मान और सुरक्षा
- 70 लाख माताओं और बहनों को
- ₹1000 प्रतिमाह आर्थिक सहायता
- अब तक ₹6530 करोड़ का भुगतान

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना
- गरीब परिवार की कन्याओं को ₹50,000 की आर्थिक सहायता
- बेटियों के विवाह में मदद और आत्मनिर्भरता का अवसर

### महतारी सदन योजना
- ₹44.21 करोड़ से 202 ग्राम पंचायतों में बनाए जा रहे 179 महतारी सदन

### नारी शक्ति को सम्मान
- माँ के नाम 4 करोड़ वृक्षारोपण
- मितानिनों को हर माह प्रोत्साहन राशि का भुगतान
- 12 आकांक्षी जिलों में 4750 आंगनबाड़ी केन्द्रों का उन्नयन
- 27 जिलों के सखी सेंटर में महिला हेल्पलाईन यूनिट की स्थापना

## इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण
- कोरबा-बिलासपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण
- भिलाई में उद्यमिता केंद्र की स्थापना
- 1 वर्ष में 06 फूडपार्क और 01 औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना
- अधोसंरचना विकास के लिए ₹6,000 करोड़+ प्रस्तावित

## उद्योगों का उदय
- एक वर्ष में 1,379 उद्योग स्थापित, ₹9,000 करोड़ का निवेश और 25,000+ लोगों को रोजगार
- औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू
- 5 वर्षों में 5 लाख नए रोजगार सृजन का लक्ष्य
- 27 औद्योगिक समूहों को ₹32,225 करोड़ के निवेश हेतु आशय पत्र जारी
- आईटी, एआई, डेटा सेंटर, इथेनॉल, इलेक्ट्रिकल और कंप्रेस्ड बायो गैस जैसे नए क्षेत्रों में निवेश की योजना

## आधारभूत औद्योगिक विकास छत्तीसगढ़ बन रहा औद्योगिक हब
- इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ आयोजन हेतु ₹5 करोड़ का प्रावधान
- सिंगल विंडो 2.0 एक बार आवेदन पर सभी विभागों से क्लीयरेंस
- उद्यमिता प्रशिक्षण संस्थान, अहमदाबाद और IITF कोलकाता के साथ एमओयू
- छत्तीसगढ़ आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन

## सम्मानित छत्तीसगढ़

### जल संरक्षण में रचा इतिहास राष्ट्रीय पुरस्कार से मिली पहचान
कांकेर की ग्राम पंचायत मासुलपानी को 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में मिला द्वितीय पुरस्कार
161 जल शेड संरचनाएं और 99 फार्म तालाब बने

### बस्तर ने पर्यटन में बढ़ाया मान मिला राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान
बेस्ट टूरिज्म विलेज 2024 में पुरस्कार
चित्रकोट - सामुदायिक पर्यटन में उत्कृष्टता
धुड़मारस - एडवेंचर पर्यटन में अव्वल

### राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में छत्तीसगढ़ की जीत
चांपा नगर पालिका को सर्वश्रेष्ठ नगरीय निकाय का द्वितीय पुरस्कार
4 अन्य नगरीय निकायों को मिला 'स्पार्क 2023-24' पुरस्कार

### खनिज प्रबंधन में देशभर में परचम
'खनिज ऑनलाइन पोर्टल' को मिला एक्सीलेंस अवार्ड।

### "खनिज संपदा में देश का गौरव: छत्तीसगढ़"
गैर-कोयला मुख्य खनिज ब्लॉकों की नीलामी में शानदार प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को मिला द्वितीय सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार

### छत्तीसगढ़ को देश का तीसरा सबसे स्वच्छ राज्य का सम्मान
स्वच्छता के लिए सम्मानित हुए 5 शहर
रायपुर, महासमुंद, कुम्हारी, आरंग, पाटन को स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए पुरस्कार

### भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ को "बेस्ट एचीवर अवॉर्ड" से नवाजा
पुरस्कार सेरीकल्चर टूरिज्म, टसर कृमिपालन और टसर धागाकारक गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए

### मत्स्य पालन में राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम
छत्तीसगढ़ के कांकेर जिला को मिला "बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड"

### छत्तीसगढ़ की हरित ऊर्जा में एक नई पहचान
सीबीडीए: जैव ईंधन और जैव ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला पुरस्कार

### पोषण माह में छत्तीसगढ़ का शानदार प्रदर्शन
प्रत्येक आंगनबाड़ी में औसत गतिविधि आयोजन के आधार पर देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया
1 करोड़ 45 लाख से अधिक गतिविधियां आयोजित कर राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया

### जल संरक्षण में देश का अग्रणी राज्य छत्तीसगढ़
देश के शीर्ष 10 जिलों में छत्तीसगढ़ के 8 जिले शामिल
1,53,533 जल संरक्षण कार्य पूर्ण, 10,872 कार्य प्रगतिरत

## मुख्यमंत्री के ऐतिहासिक कदम

### अन्नदाता के समृद्धि लिए

### जल संसाधन से मछुवारों की समृद्धि
ग्रामीण तालाबों में प्रति हेक्टेयर औसतन 4017 किग्रा और सिंचाई जलाशयों में 240 किग्रा का उत्पादन, जो देश के औसत से अधिक है

### किसानों को बोनस
- 2 साल का बकाया धान बोनस किसानों के खाते में ट्रांसफर
- 13 लाख किसानों को ₹3,716 करोड़ का बोनस

### किसानों को विशेष ऊर्जा व ऋण सुविधा
- 3 HP सिंचाई पंप पर 6000 यूनिट
- 5 HP पंप पर 7500 यूनिट निःशुल्क बिजली
- गौ पालन हेतु ₹2 लाख का ऋण 1% ब्याज पर ₹2 लाख-₹3 लाख का ऋण 3% ब्याज पर

### दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना
- ₹10,000 की वार्षिक आर्थिक सहायता
- ₹500 करोड़ का बजट प्रावधान

### कृषक उन्नति योजना
- 145 लाख मीट्रिक टन रिकॉर्ड धान खरीदी (2024)
- ₹3,100/क्विंटल की दर से 21 क्विंटल/एकड़ धान खरीदी
- किसानों को ₹31,913 करोड़ का भुगतान
- 24.75 लाख किसानों को अंतर राशि ₹13,320 करोड़ का भुगतान

## चित्रोत्पला फिल्म सिटी
राजधानी रायपुर के निकट माना तुता में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का ₹95.79 करोड़ की लागत से निर्माण

## विज्ञान और नवाचार का नया केंद्र साइंस सिटी, नवा रायपुर
भारत सरकार की "स्कीम फॉर प्रमोशन ऑफ कल्चर ऑफ साइंस (SPOCS)" के तहत ₹232.73 करोड़ की परियोजना

## जनसेवा में नवाचार का नया अध्याय

### सुशासन एवं अभिसरण विभाग
- जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन
- नवाचार और डिजिटल गवर्नेंस से पारदर्शिता

### राज्य इनवेस्टिगेशन एजेंसी (S.I.A) का गठन
- राज्य में आतंकवाद, नक्सलवाद, वामपंथी उग्रवाद जैसे विशेष मामलों, प्रकरणों में त्वरित और प्रभावी अनुसंधान व अभियोजन
- एक पुलिस अधीक्षक सहित कुल 74 नवीन पदों का सृजन

## युवाओं का भविष्य अब होगा और भी उज्ज्वल

**रोजगार के अवसर**
- शासकीय सेवाओं में आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट
- 19 विभागों में 9,000+ पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरु

**स्व-रोजगार के लिए अवसर**
- छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना से युवाओं को मिलेगा 50% सब्सिडी पर ब्याज मुक्त ऋण

**शिक्षा में नवाचार**
- 341 पीएम श्री स्कूल, 18 स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई, एआई रोबोटिक और कौशल विकास की नई पहल, "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020" लागू

**प्रौद्योगिकी शिक्षा**
- जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में आईआईटी की तर्ज पर प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण

**खेलों का भविष्य**
- जशपुर में आधुनिक खेल स्टेडियम, 74 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी, और खेलों के लिए 31 जिलों में केन्द्र

**न्योता भोज**
- अब तक 30,000 स्कूलों में 75,000 से अधिक बार न्योता भोज का सफल आयोजन

**तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन एवं नालंदा परिसर**
- रायपुर में 750 सीटर सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी
- 13 नगरीय निकायों में हाईटेक लाइब्रेरी, ₹148 करोड़ बजट प्रावधान

**कौशल विकास**
- मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत विगत वर्ष में 4949 युवा प्रशिक्षित 3026 युवा नियोजित
- लाईवलीहुड कॉलेज के अंतर्गत 2064 युवा प्रशिक्षित, 1115 युवा नियोजित

## नीतियों में सुधार बढ़ी विकास की रफ़्तार

**1. रजिस्ट्री शुल्क केवल गाइडलाइन मूल्य पर**
- मध्यवर्गीय परिवारों को संपत्ति खरीदने में मिलेगी राहत
- बैंक ऋण पर निर्भर परिवारों को वास्तविक मूल्य के आधार पर मिलेगा ऋण
- पहले की तुलना में आर्थिक बोझ होगा कम

**2. अब घर बैठे करा सकते हैं रजिस्ट्री**
- रजिस्ट्री प्रक्रिया और भी सरल और सुविधाजनक
- 25,000 रुपए अतिरिक्त शुल्क पर घर बैठे रजिस्ट्री
- 15,000 रुपए में बिना अपॉइंटमेंट रजिस्ट्री

**3. दान, बंटवारा और हक त्याग पर सिर्फ ₹500 शुल्क**
- दान और हक त्याग पर 0.5% स्टांप ड्यूटी
- बंटवारे पर ₹200 प्रति हिस्सा स्टांप ड्यूटी
- बदलाव से आर्थिक राहत एवं सरल प्रक्रिया

## बस्तर का विकसित भविष्य समृद्धि और विकास की ओर

**बस्तर ओलंपिक 2024**
बस्तर के युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का मिला शानदार मौका

**मुख्यमंत्री सम्मान निधि**
बैगा, गुनिया और सिरहा को 5,000 रुपये की सालाना सम्मान निधि का मिलेगा लाभ

**अखरा निर्माण विकास योजना**
जनजातीय गांवों में खेल और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नई योजना का आरंभ

**शैक्षिक ऋण योजना**
माओवाद प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण और अन्य जिलों के लिए 1% ब्याज पर ऋण सुविधा

**वन अधिकार अधिनियम में बदलाव**
वन अधिकार पत्रधारकों के वारिसों को वन भूमि का हस्तांतरण मिलेगा

**आत्मसमर्पित नक्सलियों को स्थायी आश्रय**
15,000 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति, आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए नया जीवन

## डिजिटल भारत की ओर छत्तीसगढ़ की एक और छलांग

**सिंगल विंडो 2.0 पोर्टल**
निवेशकों के लिए 105 सेवाओं की आसान पहुंच

**जेम पोर्टल पर 450 करोड़ की खरीदी**
पारदर्शी और तेज़ सरकारी खरीद

**अटल मॉनिटरिंग पोर्टल**
योजनाओं की निगरानी को और मजबूत किया

**ऑनलाइन ई-ट्रांजिट पास**
खनिज परिवहन में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ी

**पहला डिजिटल बजट**
शासकीय कामकाज में डिजिटल गवर्नेंस के माध्यम से पारदर्शिता

**स्वागत-एप**
मंत्रालय में प्रवेश को और सरल बनाया

**ई-ऑफिस सेवा**
सरकारी कामकाज में तेजी और पारदर्शिता

## भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते कदम

खत्म होगी आम जनता को छलने जैसी कुरीति भ्रष्टाचार के विरुद्ध जारी रहेगी जीरो टॉलरेंस की नीति

भ्रष्टाचार के काले साम्राज्य पर प्रहार से आएगी समृद्धि खनिजों के परिवहन में पारदर्शिता से होगी राजस्व में वृद्धि

### शासकीय भर्तियों में पारदर्शिता
- राज्य सेवा परीक्षा-2021 की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच
- यूपीएससी की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय

### घोटालों पर सरकार की सख्ती
- **शराब घोटाला**- वर्ष 2019 से लेकर वर्ष 2022 तक ₹2161 करोड़ के शराब घोटाला में ई.डी. की कार्रवाई
- **महादेव एप घोटाला**- महादेव एप में संलिप्त लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई
- **कोयला घोटाला** - कोयला की आवाजाही पर 25 रूपए की अवैध उगाही कर ₹540 करोड़ के कोयला घोटाला में ई.डी. की कार्रवाई

## नक्सल उन्मूलन एवं जनजातीय उत्थान

### छत्तीसगढ़ का हरा सोना हुआ अब खरा सोना
- तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर ₹4000 से बढ़ाकर ₹5500 प्रति मानक बोरा
- 12 लाख 50 हजार संग्राहकों को मिल रहा लाभ
- चरण पादुका योजना का पुनर्स्थापन एवं बोनस

### नियद नेल्ला नार जन जीवन हुआ गुलजार
- 40 सुरक्षा कैम्प स्थापित, 24 नए प्रस्तावित
- 96 गाँवों में 17 विभाग की 53 योजनाओं और 31 सुविधाओं से विकास
- 28114 ग्रामीणों का आधार कार्ड बना
- 14818 आयुष्मान कार्ड बना
- 9509 परिवारों को राशनकार्ड
- 649 वन अधिकार पट्टे वितरित
- 521 मोबाईल टावर चालू किए गए
- 68 हेलीपेड निर्मित 13 निर्माणाधीन
- 20 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान

### नक्सल समस्या उन्मूलन अभियान में छत्तीसगढ़ की सफलता
210 नक्सली मारे गए
787 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया
894 नक्सली गिरफ्तार किए गए




## सामाजिक समृद्धि एवं प्रगति

### गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति

**परिश्रम का हर कण बनेगा छत्तीसगढ़ की तरक्की का आधार**
- वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना, ₹5 में भरपेट भोजन
- श्रमेव जयते पोर्टल, हेल्पलाइन नंबर 0771-3505050
- अटल उत्कृष्ट शिक्षा सहायता योजना, श्रमिक परिवारों के बच्चों को निःशुल्क अध्ययन

**आधे दाम पर बिजली**
- 43.34 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 400 यूनिट तक आधे दाम पर बिजली
- ₹1,274 करोड़ का बजट प्रावधान

**मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना**
- अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारी परिवारों को आगामी पांच वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण
- 70.89 लाख से अधिक राशनकार्डधारी परिवार लाभन्वित
- वर्ष 2024-25 के बजट में ₹3400 करोड़ का प्रावधान है

**स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार**
- मेकाहारा रायपुर और सिम्स बिलासपुर भवन के विस्तार और विकास हेतु ₹1500 करोड़ का प्रावधान
- शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना हेतु ₹1526 करोड़ का प्रावधान


**ग्रामीणों के लिए नल से जल**
- 50 लाख ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन का लक्ष्य
- 40 लाख ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन लगा
- बजट में ₹4,500 करोड़ का प्रावधान

**प्रधानमंत्री आवास योजना**
- 18 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति
- ₹12 हजार करोड़ का प्रावधान
- एक वर्ष में शहरी में 50 हजार आवास एवं ग्रामीण में 1 लाख 75 हजार आवास पूर्ण

# अब आया है बहुत सारा बदलाव...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री नयनतारा ने प्रभुदेवा को लेकर कुछ बात की है। नयनतारा ने खुलासा किया कि अपने प्यार के लिए वे सिनेमा तक छोड़ने को तैयार हो गई थीं। अभिनेत्री नयनतारा को उनके प्रशंसक लेडी सुपरस्टार कहते हैं। वे सिनेमा में अपने दमदार किरदारों के कारण जानी जाती हैं।



नयनतारा ने कहा, इस रिश्ते ने मुझे बनाया है जो मैं आज हूं। मैं कुछ बुरे समय से भी गुजरी हूं। हालांकि, उस बुरे समय से मुझे कुछ सीख भी मिली है। मैं आज जो कर सकती हूं, वो मुझे मालूम पड़ा। मैं पहले बहुत ही अलग तरह की इंसान थी। नयनतारा ने साल 2011 में फिल्मों को छोड़ने का फैसला कर लिया था। हालांकि, इसके बाद उन्होंने दमदार वापसी की। नयनतारा अपने पति विग्नेश शिवन और दो बेटों के साथ खुशहाल जिंदगी बिता रही हैं। नयनतारा ने प्रभुदेवा को लेकर कुछ बातें साझा की हैं। नयनतारा ने कहा कि प्रभु देवा की सलाह पर फिल्मों को छोड़ने के लिए तैयार हो गई थीं। उन्होंने कहा कि मैं एक ऐसी स्थिति में थी, जहां मुझे लगता था कि प्यार पाने के लिए समझौता जरूरी है। उन्होंने कहा, 'मैं एक ऐसे दौर में थी जहां मुझे लगता था कि अगर मुझे अपने जीवन में प्यार चाहिए तो मुझे समझौता करना होगा। मैं बहुत कमजोर और युवा थी।' नयनतारा ने बताया कि साल 2011 में वे फिल्म छोड़ने का मन बना चुकी थीं।

## शाहरुख, अबराम व आर्यन धमाल मचाने को तैयार


**मुंबई।** 'मुफासाः द लॉयन किंग' का इंतजार कर रहे बच्चों और उनके अभिवावकों के लिए खुशखबरी हैं। ये फिल्म इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। खास बात ये है कि हिंदी फिल्म दर्शकों को इसमें शाहरुख खान और उनके बेटों की आवाज सुनने को मिलेगी। फिल्म 'मुफासाः द लॉयन किंग'पहली फिल्म है जिसके जरिये पहली बार किसी फिल्म में सुपरस्टार शाहरुख खान और उनके बेटे आर्यन के साथ अब परिवार के तीसरे खान अबराम का भी नाम जुड़ गया है।

## जैकी के साथ काम करना सपने जैसा : अनन्या

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और जैकी श्रॉफ हाल ही में एक निजी कार्यक्रम में साथ में नजर आए थे। जैकी श्रॉफ के लिए अभिनेत्री अनन्या पांडे ने कहा उनकी मिमिक्री करना बहुत मुश्किल है। खासकर उनकी बीड़ू वाली स्टाइल पर काम करना बहुत ज्यादा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए उन्होंने जैकी के बहुत सारे वीडियो देखे ताकि वे उनकी नकल कर सकें। एक मीडिया हाउस के साथ की गई बातचीत में अनन्या पांडे ने बताया कि उन्होंने टाइगर श्रॉफ के साथ पहले भी काम किया है और उनकी बहन कृष्णा श्रॉफ के साथ एक विज्ञापन में नजर आई हैं। अब जैकी श्रॉफ के साथ काम करना एक सपने के सच होने जैसा है। अनन्या ने बताया कि उनकी बातचीत बहुत दिलचस्प रहती है। अनन्या ने कहा कि उन्होंने जैकी की तरह बोलना सीखा। उनकी शैली की नकल करने की कोशिश की, हालांकि उन्हें यह मुश्किल था। उन्होंने कहा कि जैकी ने उनके किरदार को उनसे बेहतर तरीके से निभाया।



## टीवी मसाला



## नंबर वन की कुर्सी पर इस बार भी 'उड़ने की आशा' का कब्जा

**नई दिल्ली।** टेलीविजन धारावाहिकों का अपना दर्शक वर्ग है। बड़े परदे और ओटीटी के बीच टीवी सीरियल भी खूब चाव से देखे जाते हैं। इस हफ्ते किस शो को सबसे ज्यादा पसंद किया गया, इसका पता चल गया है। इस हफ्ते की टीआरपी सूची आ गई है। छोटे परदे की दुनिया पर राज करने वाले 'अनुपमा' को इस हफ्ते भी नुकसान हुआ है। वहीं, 'उड़ने की आशा' नंबर वन पर बरकरार है। बाकी शो का क्या हाल? इस हफ्ते की टीवी टीआरपी सूची में 'उड़ने की आशा' का रुतबा बरकरार है। बीते हफ्ते भी यह शो नंबर वन पर काबिज था। पिछले हफ्ते इसने 'अनुपमा' को एक पायदान पीछे करके पहला नंबर हासिल किया। बीते हफ्ते नंबर दो पर रहने वाले 'अनुपमा' की टीआरपी इस हफ्ते और ढलान पर आई है। दूसरे नंबर पर इस बार 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' ने बाजी मारी है। इस शो में बच्चे को लेकर चल रहा ड्रामा शायद दर्शकों को पसंद आ रहा है। 'अनुपमा' को तीसरा नंबर हासिल हुआ है। इस बार की टीआरपी सूची में 'एडवोकेट अंजलि अवस्थि' और 'गुम है किसी के प्यार में' की जगहों में अदला-बदली हुई है। बीते हफ्ते जहां 'एडवोकेट अंजलि अवस्थि' चौथे नंबर पर था, तो इस बार यह पांचवे नंबर पर है। वहीं, 'गुम है किसी के प्यार में' ने लोकप्रियता हासिल करते हुए इस बार चौथा नंबर सुरक्षित किया है। बीते हफ्ते यह सूची में पांचवे नंबर पर था।

## तेनाली राम नहीं, फिर लौट रहे हैं 'तेनाली रामा'

**नई दिल्ली।** साल के 49वें हफ्ते की ऑल इंडिया रेटिंग में नंबर पांच पर आ पहुंचा मनोरंजन चैनल सोनी सब आने वाले सोमवार से अपने एक चर्चित और प्रसिद्ध किरदार से अपने दर्शकों को फिर से मिलाने वाला है। बच्चों की पत्रिकाओं का लोकप्रिय चरित्र रहा तेनाली राम इस चैनल पर अपने बुद्धि कौशल से विकट समस्याओं को हल करता फिर से नजर आएगा। बस इसका नाम दक्षिण भारतीय परंपराओं के अनुरूप अब भी 'तेनाली रामा'ही रहेगा, 'तेनाली राम' नहीं। जानकारी के मुताबिक सोनी सब का टीवी शो 'तेनाली रामा'16 दिसंबर से रात 8 बजे वापसी करने के लिए तैयार है। अपनी बुद्धि, हास्य और मनोरंजक शख्सियत से तेनाली राम इस बार कुछ नए कथानकों का सारथी बनेगा। अभिनेता कृष्ण भारद्वाज एक बार फिर से तेनाली राम के रूप में अपनी भूमिका को निभाने के लिए तैयार हैं। पंकज बेरी अपने चिर परिचित रूप में तथाचार्य के चरित्र को जीवंत करते नजर आएंगे।



HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका — सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट — सिंघानिया स्किन केयर, 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311, Email:bsinghania11@yahoo.co.in — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre, रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर — मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com, त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी — डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर, मो. 7999450384, 7042974029, समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश) — स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) — डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल — सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551, समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं: लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी, जनरल मेडीसीन, ऑर्थोपेडिक्स, जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी, ऑंकोलॉजी (सर्जिकल), गायनेकोलॉजी — अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) — जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001) — फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 — लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन, सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध, OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मो. 9977247553 — नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर, समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक — सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव * — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। — डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304 — 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण — पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध) — श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे, मो. 7991031330, मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756, 6263818152

हमारा अशियाना

रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस
रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरु |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life
संपर्क करें : 90181 81813

### Appointment आवश्यकता

#### सिक्योरिटीगार्ड

अर्जेन्ट आवश्यकता है - रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888. (RO-6437)

#### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- OCEAN COMPANY को ऑफिस हेतु 10 से ग्रेजुएट 18 से 28 वर्ष के युवक /युवतीयों की आवश्यकता हे, आय 8500 से 18000 + रहना खाना, संपर्क करे, धरमपुरा ,जगदलपुर, 9644490606, 8818877409.(RO-A)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 26 वर्ष के अविवाहित युवको की आवश्यकता है सैलरी 10,000/- समय 10.30 से 8.30 संपर्क करें मोबाइल:- 918448107841, 9302708426. (RO-3155)

#### ड्रायवर

आवश्यकता है- टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए दिन व रात शिफ्ट हेतु - 4 पद आकर्षक वेतन रहने व खाने की सुविधा साथ ही ऑफिस कार्य हेतु ऑफिस बॉय (चपरासी) की आवश्यकता है। दोनों पद हेतु आयु सीमा 18 से 30 वर्ष इच्छुक संपर्क करें. 77720-00594.(RO-1242)

#### दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेट कपडे की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लडके एंव लडकियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होजियरी डिपो जयहिन्द होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मों- 9300188811. (RO-1019)

आवश्यकता है- नवयुवकः दुकान काम माल दिखाना एवं माल जमाने हेतु।। सम्पर्कः- समय 10 से 3 बजे मोबाइल 7879311110, ड्यूटी 10 से 8 बजे संपर्क पता- श्री ट्रेडर्स, इंटीरियर वर्ल्ड, भाटागांव जलगृह मार्ग। (RO-3153)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान में सामान लाने ले जाने के लिए जरूरतमंद लड़को की आवश्यकता है संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 8818833330. (RO-25)

आवश्यकता है- पम्प एंव नल फिटिंग पाइप दुकान में काम करने हेतु आवश्यकता, सैलरी 10000-12000, हम्माल की सैलरी15000, बजाज एंटरप्राइजेस स्टेशन रोड रायपुर 9644433085, 9425843865. (RO-1020)

आवश्यकता है- किराना एवं डेली नीड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारीयों की वेतन (5) अकों में अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्कः- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.- 98266-84859.(आरो न.-639)

#### सेल्स/मार्केटिंग

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में कार्य हेतु स्मार्ट सेल्स गर्ल /ब्वाय, मार्केटिंग के लिए आवश्यकता है, वेतन 10000/- से 15000/- प्लस कमीशन ,संपर्क- जवाहर चौक दुर्ग Mo - 7089508250. मिलने का समय सुबह 10 से 12 (आरो न.-1848)

आवश्यकता है- न्यू मोबाइल, कवर, स्क्रीन गार्ड, एसेसरीज, दिखाने एवं बेचने 2-पद तथा मार्केटिंग हेतु सेल्समैन 2-पद एवं 1 कार ड्राइवर की (आकर्षक वेतन) बायोडाटा के साथ संपर्क करें:- अबाबा मोबाइल, मेनरोड, तेलीबांधा 7869999902.(RO-3158)

#### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- कामवाली चाहिए घर में काम करने एवं बच्चा संभालने हेतु बाई की आवश्यकता है सेक्टर 5 देवेंद्र नगर मोबाइल- 9826136230.(RO-6447)

#### सफाई कार्य

आवश्यकता है- ज्योति ऑप्टिकल आदर्श नगर पोटिया चौक के पास व तहसील ऑफिस रोड सराफा बाजार दुर्ग में साफसफाई हेतु बाई की ,कार्य समय 9:30 से 8:30, मिले- शाम 4से5 ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड ,सराफा बाजार दुर्ग (आरो न.-1846)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

#### आवश्यकता

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533. (RO-440)

आवश्यकता है- N.S.N.कंपनी में आवश्यकता हैं लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 35 वर्ष सैलरी 12000/- से 15000/- रहने की सुविधा, संपर्क करें:- रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) Mob. 9589295885, 9993929100.(RO-3110)

#### अन्य

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 6294162526. (RO-3128)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 8981475043.(RO-816)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537.(RO-751)

#### Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871. (RO-3106)

#### Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 7988242279, 7988242279. (RO-3151)

फाइनेंस - गणपति फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) संपर्क:- 9201990930. (RO-3156)




Healthcare

सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स

इन रोगों का स्थाई इलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यह बीमारी शरीर के जीवन चक्र को ही खराब कर देता है अतः इसे किसी तरह दबाने की गलती भूल कर भी न करें।
- सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग शरीर मे तांबे रंग के छिलके, पपड़ी युक्त दाग, सर मे रुसी का भ्रम, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा पन, घुटने मे काट दर्द एवं शरीर अपंग होकर बदबू जैसी आने लगते है, सावधान।
- एच.आई.वी., एड्स (HIV, AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर, जेंटेलियस एवं हर्पिस, सिम्पलेक्स) स्त्री, पुरुष के गुप्तांगों मे दाने, छाले, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन, दर्द, योनि मार्ग से बदबू, सफेद पीले पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी हो सकता है। कइयों को हो चुका है, यह न्यूरोट्रोपिक वायरस है जो शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा कर देता है एवं हेपटायटिस, सिफलिस, गोनोरिया (मूत्र मार्ग से पस जाते) हो तो तुरंत खून की जांच करायें, यहाँ जांच की पूर्ण व्यवस्था है। यदि खून का रिपोर्ट पॉजिटिव हुआ तो रोने पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा क्योंकि अन्य चिकित्सा मे इसका उपाय है ही नहीं।
- समस्त यौन रोग एवं यौन (सेक्स) कमजोरी, शीघ्रपतन, प्रोस्टेट विकार, बूंद बूंद पेशाब आना इत्यादि।
- बहुचर्चित विख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी. अग्रवाल के 42 वर्षो के चिकित्सा अनुभव का लाभ बहुतों ने उठाया है आप भी ले सकते हैं। हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग से प्रगतिशील एवं अग्रसर हैं। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके है। जब सब उपाय असफल हो गए हो तो अवश्य ही मिलें। आने के पूर्व फोन करें।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
9425555659, 9617789223,
निशांत अग्रवाल, फार्मा साइंटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज (गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग। 9303242200, 7987365434
समय शाम 4.00-7.30 बजे तक
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

गिरावट ताजा फसल के बाजार में आने से आई

खाने-पीने के सामानों की महंगाई दर घटकर 9.04 फीसदी रह गई

## अक्टूबर में 6 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गई थी

# महंगाई के मोर्चे पर राहत, खुदरा महंगाई दर घटकर 5.48% पर आई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 5.48 प्रतिशत पर आ गई, जो अक्टूबर में 6 प्रतिशत के ऊपर पहुंच गई थी। यह गिरावट ताजा फसल के बाजार में आने और सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण देखी गई है। सब्जियों की कीमतों में अक्टूबर की तुलना में साल-दर-साल वृद्धि दर 42.18 प्रतिशत से घटकर 29.33 प्रतिशत पर आ गई, जिससे रिटेल महंगाई में कमी दर्ज की गई। सांख्यिकी और क्रियान्वयन मंत्रालय के आंकड़े के मुताबिक ये डेटा आया है।

महंगाई दर घटने की मुख्य वजह खाने-पीने के सामान खासकर सब्जियों की कीमतों में नरमी को बताया जा रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के जरिए जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में खाने-पीने के सामानों की महंगाई दर घटकर 9.04 फीसदी रह गई है। अक्टूबर में यह 10.87 फीसदी और नवंबर 2023 में 8.70 फीसदी पर थी। एनएसओ ने कहा कि नवंबर, 2024 में सब्जियों, दालों चीनी और मिठाई, फलों, अंडे, दूध, मसालों के ट्रांसपोर्ट और पर्सनल केयर संबंधी उत्पादों की महंगाई दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।

### सब्जियों की कीमतों में भी गिरावट दर्ज की गई



*आरबीआई ने बढ़ाया था कैश रिजर्व रेश्यो : इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति के फैसलों में आरबीआई ने ब्याज दरें स्थिर रखीं, लेकिन ग्रोथ को सपोर्ट देने के लिए बैंकों के लिए कैश रिजर्व रेश्यो को कम कर दिया है। सब्जियों की कीमतों में हाल ही में आई नरमी के पीछे अनुकूल मानसून की बारिश के सपोर्ट से गर्मियों की बंपर फसल को क्रेडिट जाता है।*

### जुलाई-अगस्त के दौरान सीपीआई इंफ्लेशन बढ़ी

सीपीआई आधारित कुल मुद्रास्फीति जुलाई-अगस्त के दौरान औसतन 3.6 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 5.5 फीसदी और अक्टूबर, 2024 में 6.2 फीसदी हो गई है। यह सितंबर, 2023 के बाद से सबसे ज्यादा है। नवंबर में खाने-पीने के सामान का यह प्रिंट अक्टूबर के 10.47 फीसदी से कम रहने से राहत मिली है। अक्टूबर में 6.94 फीसदी चढ़ने के बाद अनाज की कीमतों में नवंबर में 6.88 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। दालों की महंगाई दर पिछले महीने 9.81 फीसदी के मुकाबले नवंबर में 7.43 परसेंट पर रही हैं।

### अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर हुई धीमी



खनन, बिजली और विनिर्माण क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से इस साल अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 3.5 प्रतिशत रह गई। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन पिछले साल इसी महीने में 11.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

### विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि घटकर 4.1 फीसदी पर

इस तरह चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में औद्योगिक उत्पादन में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन सात प्रतिशत बढ़ा था। आंकड़ों के अनुसार, खनन उत्पादन की वृद्धि अक्टूबर में घटकर 0.9 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 13.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि अक्टूबर में घटकर 4.1 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में इसमें 10.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### बिजली उत्पादन में गिरावट दर्ज

इसी तरह, बिजली उत्पादन में वृद्धि भी एक साल पहले की 20.4 प्रतिशत वृद्धि से गिरकर दो प्रतिशत रह गई। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि दर इस साल अक्टूबर में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 21.7 प्रतिशत थी।

# मस्क ने रचा इतिहास, नेटवर्थ 400 बिलियन डॉलर के पार, ट्रंप की जीत का फायदा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली






■ मस्क दुनिया के पहले व्यक्ति जिनकी नेटवर्थ 400 बिलियन डॉलर पार

■ ब्लूमबर्ग इंडेक्स ने जारी की रिपोर्ट

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की नेट वर्थ 400 बिलियन डॉलर (33938 करोड़ रुपये) के पार पहुंच गई है। ब्लूमबर्ग इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार एलन मस्क दुनिया के पहले व्यक्ति हो गए हैं जिनकी नेटवर्थ 400 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गई है।

एलन मस्क को यह खास उपलब्धि उनकी एयरोस्पेस कंपनी स्पेस एक्स के इंसाइडर शेयरों की बिक्री की वजह से मिली है। अकेले स्पेस एक्स का एलन मस्क की नेट वर्थ में 50 बिलियन डॉलर का योगदान है। एलन मस्क की नेट वर्थ दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति जेफ बेजोस 140 बिलियन डॉलर अधिक है।

### स्पेस एक्स सबसे वैल्यूएबल स्टार्टअप कंपनी

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार स्पेस एक्स ने 1.25 बिलियन डॉलर के शेयर अपने कर्मचारियों और कंपनी इंसाइडर से खरीदे हैं। ये खरीदारी 350 बिलियन डॉलर के वैल्यूएशन पर हुई है। बता दें, स्पेस एक्स दुनिया की सबसे वैल्यूएबल प्राइवेट स्टार्टअप कंपनी हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार इस डील के बाद एलन मस्क की नेट वर्थ 439.20 बिलियन डॉलर पहुंच गई है।

### ट्रंप की जीत का भी मिला है फायदा

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी का भी फायदा एलन मस्क को मिला है। उन्होंने इस बार के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का खुलकर समर्थन किया था। यहां तक की कई जगहों पर उन्होंने पब्लिक रैली भी की थी। डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद टेस्ला के शेयरों में 65 प्रतिशत का इजाफा हो चुका है। कंपनी के शेयर 415 डॉलर के आल टाइम तक पहुंच चुके हैं। निवेशकों को उम्मीद हैं की ट्रंप सरकार की तरफ से सेल्फ ड्राइविंग कार बनाने वाली कंपनियों पर से टैक्स हटा लिया जाएगा। जिसका फायदा टेस्ला को होगा।

### एक्सएआई वेंचर की वैल्यूएशन हुई डबल

एलन मस्क के नेटवर्थ में 5 नवंबर के बाद अबतक 136 बिलियन डॉलर का इजाफा हो चुका है। बता दें, ट्रंप को नई सरकार में काफी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। एलन मस्क की एआई कंपनी एक्सएआई की वैल्यूएशन अंतिम राउंड की फंडिंग के बाद डबल हो गई है। आखिरी बार कंपनी ने मई में फंड जुटाया था। तब उनकी वैल्यूएशन 50 बिलियन डॉलर थी।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
**(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कंपनी**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि. महासमुन्द**

**// बिजली बंद की सूचना //**

सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 132/33 के.व्ही. सुनसुनिया (बागबाहरा) उपकेन्द्र में 132 के. व्ही. **Main Auxlary Bus Bar** में आवश्यक रख-रखाव कार्य हेतु 132/33 के. व्ही. सुनसुनिया (बागबाहरा) उपकेन्द्र से निकलने वाली 33/11 के.व्ही. टाउन, सुनसुनिया, बागबाहरा, टेमरी, खल्लारी, नर्रा, घोयनाबाहरा एवं तेन्दुकोना फीडरों से 33/11 के.व्ही. मुनगासेर, कोल्दा, देवरी गोयनाबाहरा, कस्तुरबोड़, सुनसुनिया, बागबाहरा, कुलिया, टेमरी, नर्रा, कोसमर्रा एवं परसुली उपकेन्द्र से जुड़े उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति दिनांक 13.12.2024 समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक बंद रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

"विद्युत संबंधित शिकायत 1912 में दर्ज करायें।"
"लाईन विच्छेदन की कार्यवाही से बचने के लिए अपने विद्युत देयक का भुगतान प्रतिमाह करें।"

(हेमन्त कुमार ठाकुर)
कार्यपालन यंत्री (सं/स) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि. महासमुन्द

# शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स 236 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



■ मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पहले निवेशकों का सतर्क रुख

■ निफ्टी में भी 93 अंक की गिरावट दर्ज

खुदरा मुद्रास्फीति के आधिकारिक आंकड़ों की घोषणा से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 236 अंक टूट गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 93 अंक की गिरावट आई।

विश्लेषकों के मुताबिक, दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और हिंदुस्तान यूनिलीवर में भारी बिकवाली के अलावा रुपये में कमजोरी और विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी से भी धारणा कमजोर हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 236.18 अंक गिरकर 81,289.96 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 93.10 अंक गिरकर 24,548.70 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों की घोषणा के पहले निवेशकों ने सतर्कता के साथ कारोबार किया। वैश्विक अनिश्चितता, अमेरिकी बॉन्ड के बढ़ते प्रतिफल और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों के बीच भरोसे की कमी दिख रही है।''

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर लाभ के साथ बंद हुए।

# यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर में 0.25 % की कटौती की

एजेंसी ⏭ फ्रैंकफर्ट




■ मानक ब्याज दर को घटाकर तीन फीसदी करने का फैसला

यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने कमजोर वृद्धि के संकेतों, फ्रांस में राजनीतिक अराजकता एवं नए अमेरिकी आयात शुल्क की आशंकाओं के बीच बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर दी।

ईसीबी की नीतिगत दर तय करने वाली समिति की यहां हुई बैठक में मानक ब्याज दर को 3.25 प्रतिशत से घटाकर तीन प्रतिशत करने का फैसला किया गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य पर वापस लाने के प्रयास सफल हो रहे हैं। ईसीबी ने बयान में कहा, 'मुद्रास्फीति में गिरावट की प्रक्रिया पटरी पर है।' विश्लेषकों ने कहा कि ब्याज दर में कटौती से वृद्धि को बढ़ावा मिलना चाहिए। दरअसल, यूरो मुद्रा का उपयोग करने वाले 20 देशों के समूह में महामारी के बाद आई तेजी सुस्त पड़ रही है। ऐसी आशंका भी है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले महीने 20 जनवरी को पदभार ग्रहण करने के बाद अमेरिका में आयातित वस्तुओं पर नए आयात कर लगा सकते हैं। इससे यूरोप के व्यापार पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा यूरोपीय संघ के भीतर आंतरिक जोखिम भी बने हुए हैं। फ्रांस के प्रधानमंत्री मिशेल बर्नियर ने विश्वास मत खोने के बाद पांच दिसंबर को इस्तीफा दे दिया था। यूरोपीय संघ में खुदरा मुद्रास्फीति रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से 2022 के अंत में 10.6 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गई थी। ईसीबी यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों में से उन 20 देशों के लिए ब्याज दर नीति निर्धारित करता है जो यूरो मुद्रा का इस्तेमाल करते हैं।

**OFFICE OF MUNICIPAL COUNCIL GOBRA NAWAPARA, DIST-RAIPUR (CG)**

**E-Procurement Tender Notice**

**SYSTEM TENDER NO/1855/ NIT NO: 162716 Gobra Nawapara, Dated 12-12-2024**

Municipal Council Gobra Nawapara Online bids are invited for the following construction works/ up to date 02.01.2025 at 17:30 Hours

| Sl. No. | Description | EMD/Cost of Tender Form /Bid Submission Fees |
|---|---|---|
| 1 | Construction & Beautification of Mahatma Gandhi Chowk & Work At Ward No. 04 Municipal Council Gobra Nawapara [CG PWD Building/Road SOR w.e.f. 01.01.2015 & Electrical SOR 01.06.2020, NON SOR Item] | EMD RS. 28100.00<br>DD RS. 1500.00 |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in and https://uad.cg.gov.in/ From 12.12.2024 at 17:30 Hours. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned Portal.

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**MUNICIPAL COUNCIL GOBRA NAWAPARA**

### हिंदुस्तान जिंक का शिक्षा के लिए सरकार से करार

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान सरकार के साथ राज्य के शिक्षा क्षेत्र में 36 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए समझौता किया है। यह घोषणा नौ से 11 दिसंबर तक जयपुर में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' 2024 के तहत 'एजुकेशन प्री-समिट' में की गई।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
आम सूचना
[illegible]

### सोने में 500 रु. की तेजी चांदी 700 रु. मजबूत

**नई दिल्ली।** खुदरा और आभूषण विक्रेताओं की निरंतर खरीदारी के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये बढ़कर 80,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले तीन सत्रों में पीली धातु के भाव करीब 2,000 रुपये चढ़े हैं। बृहस्पतिवार को चांदी भी 700 रुपये बढ़कर 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

# रविवार को है एडवांस टैक्स जमा करने की आखिरी तारीख

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




एडवांस टैक्स जमा करने की आखिरी तारीख 15 दिसंबर है, मजेदार बात ये है कि इस दिन रविवार पड़ रहा है।

अगर आप इस दिन एडवांस टैक्स जमा करने से चूक जाते हैं तो क्या आपको अगले दिन यानी 16 दिसंबर सोमवार को टैक्स जमा करने पर पेनल्टी देनी पड़ेगी? आपको बता दें 15 दिसंबर तक उन लोगों को एडवांस टैक्स जमा करना है, जिन लोगों को 10 हजार रुपए से ज्यादा इनकम टैक्स जमा करना होगा। अगर आप भी इस कैटेगरी में हैं तो आपको जान लेना चाहिए कि 15 दिसंबर की जगह आप 16 दिसंबर को एडवांस टैक्स जमा करते हैं तो क्या आपको पेनल्टी देनी होगी।

[illegible]

**न्यायालय : द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)**
**( पीठासीन अधिकारी - डी. एन. भगत)**

आवेदक / आवेदिका - **नंदनी यादव**
बनाम
अनावेदक / अनावेदिका - **प्रकाश यादव**
प्रो. क्र. -1831, प्र. क्र. -1082/23
पे. ता.-19.12.2024, धारा- 13 हि.वि.अ.

**प्रति,**
**अनावेदक / अनावेदिका :** प्रकाश यादव
**निवासी पता :** उम्र-26 वर्ष, पिता- बलदाऊ यादव, **निवासी-** मकान नं. 118, वार्ड नं. 08, ग्राम क्रासमदा, जिला- कवर्धा, छ.ग.

उपरोक्त आवेदक / आवेदिका ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा 13 हि.वि.अ. का प्रकरण प्रस्तुत किया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 19.12.2024 को 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य / दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक 19.12.2024 को प्रस्तुत कर सकते है।

यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है, तो अगले कार्यालयीन कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख 09 माह 12 सन 2024 को जारी किया गया।

**स्थान :** रायपुर
**दिनांक-** 09/12/2024

**(डी. एन. भगत)**
मुहर **द्वितीय अति, प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)**

### पीसी ज्वेलर कर्ज निपटान के लिए शेयर जारी करेगा

**नई दिल्ली।** खुदरा आभूषण विक्रेता कंपनी पीसी ज्वेलर लिमिटेड के निदेशक मंडल ने अपने बकाया कर्ज के एक हिस्से का निपटान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) सहित अन्य ऋणदाताओं के समूह को 5.17 करोड़ से अधिक इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दे दी है।

कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि निदेशक मंडल ने "निजी नियोजन के आधार पर तरजीही आवंटन के माध्यम से अपने बकाया कर्जों के एक हिस्से का निपटान करने के लिए ऋणदाताओं के समूह को 5,17,11,462 इक्विटी शेयर जारी करने" की मंजूरी दे दी है।

[illegible]





# 1 वर्ष विश्वास का विकास का

## सेवा, समर्पण और सुशासन के एक वर्ष

## मा. उप मुख्यमंत्री जी द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता के हित में किए गए विभागीय कार्य



### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

**हर घर नल से शुद्ध पेयजल (राशि- 4500 करोड़)**

- नल जल योजनाओं हेतु भू-जल स्रोतों के निर्माण का कार्य-2527
- उच्च स्तरीय जलागार के निर्माण अंतर्गत पूर्ण किये गये टंकी कार्य-2711
- ग्राम सभा के माध्यम से हर घर जल प्रमाणिकरण किये ग्रामों की संख्या-1139
- 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. रिपोर्टेड ग्रामों की संख्या-1062
- पंचायतों द्वारा संचालित योजनाओं की संख्या-1874
- जल परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से 1,09,112 केमिकल टेस्ट किये गये।
- जल परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से 68.253 बैक्टिरियल टेस्ट किये गये।
- राज्य के भू-जल प्रभावित ग्रामों के लिये बनाई गई 9 समूह जलप्रदाय योजनाएं लागत रु. 850.00 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति जारी कर कार्य प्रारंभ किये गये।

2. पी.एम. जनमन कार्यक्रम के तहत 451 बसाहटों के लिये राशि रु. 19.72 करोड़ के कार्य की स्वीकृति।




### लोक निर्माण विभाग

**लोक निर्माण से लोक हित तक - (राशि ₹3000 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत)**

- प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों की संख्या 274 लागत राशि रु. 1556.70 करोड़ ।
- भारत सरकार अंतर्गत सी.आर.एफ. स्वीकृत कार्यों की संख्या 08 लागत राशि रु. 892.00 करोड़।
- राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु रु. 529.00 करोड़ के निर्माण कार्य।
- 2537.00 कि.मी. के सड़क कार्य पूर्ण किये गये।
- नवीनीकरण अंतर्गत पूर्ण किये गये 787 कि.मी.।
- भवन निर्माण के पूर्ण कार्यों की संख्या - 116
- वृहद एवं मध्यम सेतु पूर्ण किये गये संख्या- 106
- राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माण किये गये कि.मी. 120.00 कि.मी.।



### विधि एवं विधायी कार्य विभाग

1. बीजापुर में जिला एवं सत्र न्यायालय, राज्य में 10 अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय, 27 व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 के न्यायालय, 13 व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 के न्यायालय, मुंगेली में फास्ट ट्रेक कोर्ट के न्यायालय एवं कटघोरा में परिवार न्यायालय की स्थापना हेतु पदों के सृजन आदेश जारी किया गया।
2. व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 (एन्ट्री लेवल) के 50 पदों पर भर्ती पूरी की गई।
3. नारायणपुर में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का न्यायालय दिनांक 04.11.2024 से, पाटन में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का न्यायालय दिनांक 02.09.2024 से, एवं मुंगेली, पेण्ड्रारोड, सक्ती, खैरागढ़ में एक-एक जिला एवं सत्र न्यायाधीश का फास्ट ट्रेक कोर्ट का न्यायालय दिनांक 02.09.2024 से चालू करने की अधिसूचना जारी की गई।
4. दुर्ग में 2. भिलाई-3 में 1, जांजगीर में 1, चांपा में 1, कवर्धा में 1. महासमुंद में 1. रायगढ़ में 2. सारगंढ़ 1. घरघोड़ा में 1 तथा रायपुर में 3 कुल 14 व्यवहार न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) के न्यायालय दिनांक 01.08.2024 एवं आरंग जिला-रायपुर में व्यवहार न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) के न्यायालय दिनांक 02.12. 2024 से चालू करने की अधिसूचना जारी की गई।
5. जिला न्यायालयों में न्याय प्रशासन एवं अधोसंरचना विकास कार्य के अंतर्गत लगभग दो सौ चालीस करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई।

### नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

**विकास के पथ पर अग्रसर छत्तीसगढ़ (राशि- 7300 करोड़ से अधिक की योजनाएं स्वीकृत)**

1. प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) अन्तर्गत कुल 1 लाख 97 हजार 128 आवास का निर्माण पूर्ण किया गया। योजना हेतु राशि रु. 657.27 करोड़ की राशि जारी।
2. PM आवास (शहरी) 2.0 अंतर्गत द्वितीय चरण में अधिक से अधिक लाभार्थी के चयन हेतु हितग्राहियों का सर्वेक्षण -रैपिड असेसमेंट सर्वे का कार्य राज्य के 189 नगरीय निकायों में प्रारंभ किया जा चुका है।
3. स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत विगत 11 माह में 78 नगरीय निकायों में 141 आकांक्षीय शौचालयों हेतु कुल राशि रु. 28.25 करोड़ की परियोजनाएँ स्वीकृत की गई।
4. अनुपचारित जल प्रबंधन (Used Water Management) घटक अंतर्गत 14 नगरीय निकायों हेतु राशि रु. 73.56 करोड़ की परियोजनाएँ तथा भारत सरकार द्वारा शहरी ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन हेतु राशि रु. 230.00 करोड़ के एक्शन प्लान की स्वीकृति।
5. अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत शहरी जल प्रदाय योजनाओं के लिए राशि रु. 1675 करोड़ की 33 परियोजनाएं स्वीकृत एवं राशि रु. 1023 करोड़ की 22 परियोजनाएं प्रगतिरत् ।
6. 05 शहरों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण हेतु राशि रु. 865.00 करोड़ स्वीकृत। प्रगतिरत योजनाओ हेतु 22 निकायों को रु. 233.90 करोड़ की राशि जारी।
7. दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के कल्याण हेतु 28,125 आवेदनों पर राशि रु.48.97 करोड़ की वित्तीय सहायता, बैंकों के माध्यम से पीएम स्व निधि योजना अंतर्गत जारी।
8. दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत 17,376 महिला सदस्यों के साथ 1991 स्व सहायता समूह गठित, 1701 समूहों को राशि रु 1.70 करोड़ की आवर्ती निधि, 2152 शहरी गरीबों की व्यक्तिगत ऋण, 270 समूह ऋण तथा 1945 समूहों को बैंक लिंकेज इस प्रकार राशि रु. 91.83 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान कराई गई है । उत्कृष्ट कार्य हेतु राष्ट्रीय स्तर पर स्पार्क अवॉर्ड से सम्मानित ।
9. प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा के लिए 240 ई- बसो की स्वीकृति प्राप्त की गयी। साथ ही बस डिपो सिविल इंफ्रास्ट्रॅक्चर तथा चार्जिंग स्टेशन निर्माण हेतु राशि.40.17 करोड़ जारी।
10. मोर संगवारी सेवा के तहत 2 लाख से अधिक हितग्राहियों ने घर बैठे अपने दस्तावेज प्राप्त किये।
11. मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 24.57 लाख से अधिक मरीजों का इलाज किया गया है। 22.16 लाख मरीजों को मुफ्त दवा वितरित, 6.85 लाख मरीजों को मुफ्त लैब टेस्ट का लाभ मिला, मुख्यमंत्री दाई दीदी क्लीनिक के तहत में महिला स्पेशल एम.एम.यू में महिला विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 1.57 लाख से अधिक महिला मरीजों का उपचार किया गया है।
12. श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना अंतर्गत विगत 11 माह में निकायों द्वारा राशि रु. 179.18 करोड़ एमआरपी की दवाइयाँ राशि रु. 70.64 करोड़ में विक्रय से 49.22 लाख नागरिकों को राशि रु. 108.54 करोड़ की बचत का लाभ दिया गया है।
13. शहरों में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत विगत 11 माह में राशि रु 748 करोड़ की नवीन स्वीकृति तथा राशि रु. 854 करोड़ की किश्त राशि जारी की गई तथा अन्य मदो में राशि रु 733.45 करोड़ निकायों को प्रदान की गई ।
14. 15वें वित्त आयोग अंतर्गत राशि रु.659.21 करोड़ की परियोजनाओं की स्वीकृति जारी।
15. राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत राशि रु. 18.90 करोड़ की नवीन स्वीकृति तथा राशि रु. 30.77 करोड़ की किश्त जारी।
16. नगरीय निकायों में प्री-ऑडिट, एनर्जी ऑडिट जैसे शहरी रिफार्म लागू किए गए है। इससे शहरों को सालाना 800-1000 करोड़ की बचत संभावित है।
17. नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों में प्रशासनिक कसावट लाने तथा जवाबदेही बढ़ाने मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को एकल हस्ताक्षर के अधिकार दिए गए हैं।
18. 22 नवीन नगरीय निकायों का गठन किया गया।

## विनीत - समस्त भाजपा कार्यकर्ता, विधानसभा लोरमी

# पुर्तगाल सहित 6 देशों को मिली फीफा विश्व कप 2030 की मेजबानी, रोनाल्डो ने मनाया जश्न

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड



पुर्तगाल सहित पांच अन्य देशों को 2030 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी मिलने के बाद स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा कि छह साल बाद होने वाला यह टूर्नामेंट बेहद खास होगा। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को 2030 और 2034 में होने वाले विश्व कप के मेजबानों की औपचारिक घोषणा की। विश्व कप 2030 के मैच तीन महाद्वीपों के छह देशों में खेले जाएंगे।

### 100 साल पूरे होने का जश्न

पहला विश्व कप 1930 में उरुग्वे में आयोजित किया गया था और फीफा ने उसके 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए दक्षिण अमेरिका के इन देशों को एक-एक मैच की मेजबानी सौंपी है।

### सपना सच हो गया

रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जर्सी पहनकर जश्न मनाते हुए अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने लिखा है, 'सपना सच हो गया। यह बेहद खास विश्व कप होगा। पुर्तगाल 2030 में विश्व कप की मेजबानी करके हमें गौरवान्वित करेगा।' फीफा ने इसके साथ ही 2034 में होने वाले विश्व कप की मेजबानी सऊदी अरब को सौंपने की घोषणा भी की।




### पहली बार छह देशों में आयोजन

यह पहला अवसर होगा जबकि विश्व कप छह देशों में आयोजित किया जाएगा। स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को इसकी संयुक्त मेजबानी सौंपी गई है लेकिन दक्षिण अमेरिकी देशों अर्जेंटीना, पैराग्वे और उरुग्वे में भी इसके एक-एक मैच आयोजित किए जाएंगे।

### चैंपियंस लीग : मैनचेस्टर सिटी की एक और हार

**पेरिस।** मैनचेस्टर सिटी को युवेंटस के हाथों 2-0 से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में आगे बढ़ने की राह कठिन हो गई है। मैनचेस्टर सिटी 36 टीमों के बीच खेली जा रही इस प्रतियोगिता में अब 22वें स्थान पर फिसल गया है। केवल 24 टीम ही प्रतियोगिता के अगले दौर में जगह बनाएंगी। मैनचेस्टर सिटी ने सभी प्रतियोगिताओं में पिछले 10 मैच में केवल एक जीत दर्ज की है। युवेंटस ने भी उसके खराब प्रदर्शन का पूरा फायदा उठाया। उसकी तरफ से दुसान व्लाहोविच और वेस्टन मैककेनी ने गोल किए।

### जीत से दूसरे स्थान पर बार्सिलोना

*बार्सिलोना ने बोरुसिया डॉर्टमुंड को 3-2 से पराजित किया जिससे वह चैंपियंस लीग की अंक तालिका में लिवरपूल के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। बार्सिलोना की तरफ से रफिन्हा ने एक और फेरान टोरेस ने दो गोल किए। आर्सेनल ने बुकायो साका के दो गोल की मदद से मोनाको को 3-0 से हराया। इस जीत से वह तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अन्य मैचों में एटलेटिको मैड्रिड ने स्लोवान ब्रातिस्लावा को 3-1 से, स्टटगार्ट ने यंग बॉयज़ को 5-1 से और एसी मिलान ने रेड स्टार बेलग्रेड को 2-1 से हराया।*

## खबर संक्षेप



### दृष्टिबाधित एथलेटिक्स चैंपियनशिप 14 से

**अहमदाबाद।** राष्ट्रीय दृष्टिबाधित एथलेटिक्स चैंपियनशिप 14 दिसंबर से 16 दिसंबर के बीच गुजरात के खेड़ा जिले के नाडियाड में आयोजित की जाएगी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह पहला अवसर होगा जबकि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली से बाहर किया जाएगा। चैंपियनशिप में 19 राज्यों के 175 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, फुटबॉल, जूडो, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा।

### मोइन-उल-हक स्टेडियम बीसीए को हस्तांतरित

**पटना।** बिहार सरकार ने यहां मोइन-उल-हक स्टेडियम को राज्य क्रिकेट संघ को हस्तांतरित कर दिया है जिससे इसे 400 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 40,000 सीटों की क्षमता वाला एक बहु खेल परिसर और एक अंतरराष्ट्रीय स्थल बनाने का रास्ता साफ हो गया। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुनर्निर्मित स्टेडियम में 76 कॉरपोरेट बॉक्स और 250 वीआईपी के लिए आवास होंगे और खेल परिसर में एक बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, स्विमिंग पूल, पांच सितारा होटल, पूरी तरह सुसज्जित खिलाड़ियों का छात्रावास, रेस्तरां, एक क्लब हाउस और अन्य आधुनिक सुविधाएं होंगी।

### गाबा पराजय के बारे में सोचने का समय नहीं

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया को 2021 में गाबा में भारत के हाथों हार का सामना करना पड़ा था लेकिन उसके ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने



गुरुवार को कहा कि यह उस पराजय के बारे में सोने का समय नहीं है। इसके बजाय टीम को एडिलेड की तरह वापसी करने की अपनी क्षमता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के अपने पिछले दौरे में गाबा में खेले गए टेस्ट मैच में ऋषभ पंत और शुभमन गिल की शानदार पारियों के दम पर जीत दर्ज की थी। यह ऑस्ट्रेलिया की इस मैदान पर 1988 के बाद पहली हार थी।

### हेजलवुड, कमिंस, स्टार्क को मिला पूरक अनुबंध

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस तथा उनके साथी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने 15 दिसंबर से शुरू होने वाली बिग बैश लीग के लिए पूरक खिलाड़ियों के रूप में अनुबंध किया है। कमिंस, स्टार्क और हेज़लवुड ने टेस्ट क्रिकेट की अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया था लेकिन इस सत्र में उनके इस प्रमुख घरेलू टी20 प्रतियोगिता में भाग लेने की संभावना है।

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा टेस्ट गाबा में होगा

# कोहली ने भरा जोश, रोहित ने नई और पुरानी गेंद से किया अभ्यास

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

विराट कोहली जब कप्तान थे तो ट्रेनिंग सत्रों के दौरान वह सभी के आकर्षण का केंद्र हुआ करते थे और गुरुवार को उन्होंने फिर यहां अभ्यास के दौरान अपने साथी खिलाड़ियों को संबोधित किया। एडिलेड में दिन रात्रि मैच में मिली 10 विकेट की हार के बाद मेहमान टीम को श्रृंखला के महत्वपूर्ण तीसरे टेस्ट में खेलने से पहले थोड़ी प्रेरणा की जरूरत थी और टीम के युवाओं का मार्गदर्शन करने के लिए 'किंग' कोहली से बेहतर कोई 'मेंटोर' नहीं मिल सकता।

कोहली जब कप्तान थे तो वह ट्रेनिंग सत्र के दौरान खिलाड़ियों से काफी बातें किया करते थे। कप्तानी छोड़ने के बाद उन्होंने यह बंद कर दिया। लेकिन लगातार चार हार के बाद कप्तान रोहित पर भी भारी दबाव है और टीम के सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी ने शनिवार से यहां शुरू होने वाले मैच से पहले पहल की। उप कप्तान जसप्रीत बुमराह के साथ कोहली खिलाड़ियों से उत्साहपूर्वक बात करते देखे गए और रोहित सहित सभी ने उनकी बात ध्यान से सुनी।



### राणा की पीठ थपथपाई

आकाश दीप को भारतीय नेट सत्र में सबसे निरंतर गेंदबाज माना जाता है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वह युवा हर्षित राणा की जगह लेंगे जिन्हें एडिलेड में दूसरे टेस्ट के दौरान ट्रेविस हेड ने कड़ी चुनौती दी थी। पर्थ में टेस्ट पदार्पण में चार विकेट लेने के बाद हर्षित ने 16 ओवर में 86 रन दे दिए लेकिन कप्तान रोहित ने युवा खिलाड़ी का बचाव किया। आकाश दीप ने दो बार जायसवाल को परेशान किया और कप्तान ने भी उनकी पीठ थपथपाई।

### स्पिनरों में अश्विन सर्वश्रेष्ठ

अकेला स्पिनर कौन होगा, यह भी सवाल है। इस पर भी वाशिंगटन सुंदर तकनीकी रूप से सबसे बेहतर बल्लेबाज हैं, रविचंद्रन अश्विन कौशल के मामले में सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं और रविंद्र जडेजा एक ऑलराउंडर के रूप में बेहतरीन पैकेज हैं।

### रोहित के नंबर पर सवाल

रोहित ने नेट्स में नई और पुरानी गेंद दोनों का सामना किया। वह गाबा में अपने नेट सत्र के दौरान काफी बेहतर स्थिति में दिखे लेकिन इस बात पर सवालिया निशान बने हुए हैं कि क्या वह पारी की शुरुआत करेंगे या छठे नंबर पर ही बने रहेंगे जो उनकी पसंदीदा जगह नहीं है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने फिर नेट्स पर नई गेंद का सामना किया। रोहित ने शुरुआत में थोड़ी पुरानी कूकाबुरा गेंद से खेले। फिर उन्होंने नई लाल गेंद भी खेली।

### तकनीक पर 'गंभीर' चर्चा

गाबा की पिच पर काफी घास है जो हमेशा से पारंपरिक ऑस्ट्रेलियाई विकेटों में से एक रहा है जिसमें सीम और उछाल दोनों मिलते हैं। ट्रेनिंग सत्र के बाद रोहित और मुख्य कोच गौतम गंभीर के बीच लंबी बातचीत हुई और दूर से ऐसा लग रहा था कि वे तकनीक पर चर्चा कर रहे थे। गंभीर को कुछ 'शैडो ड्राइव' के लिए तैयार होते देखा गया जबकि रोहित उन्हें ध्यान से देख रहे थे।

## बैडमिंटन

# त्रीसा-गायत्री की जोड़ी ने जीता दूसरा मैच, जापानी चुनौती आज



एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने गुरुवार को यहां ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में पर्ली टैन और थिना मुरलीधरन की मलेशियाई जोड़ी को सीधे गेम में हराकर बीडब्लूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय त्रीसा और गायत्री ने आक्रामक खेल दिखाकर अपनी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को केवल 46 मिनट में 21-19 21-19 से हराया। इससे पहले बुधवार को भारतीय जोड़ी अपने शुरुआती ग्रुप मैच में चीन की लियू शेंग शू और टैन निंग की विश्व में नंबर एक जोड़ी से 20-22, 22-20, 21-14 से हार गईं थी। भारतीय जोड़ी अब चीन की जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर है। सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए उन्हें शुक्रवार को नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की जापानी जोड़ी के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी।

### एडीलेड जीत के बाद लय ऑस्ट्रेलिया के पास

**ब्रिसबेन।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि पिछले हफ्ते एडीलेड में गुलाबी गेंद का टेस्ट जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया शनिवार से यहां भारत के खिलाफ शुरू हो रहे तीसरे क्रिकेट टेस्ट में लय के साथ उतरेगा। गावस्कर ने कहा, 'भारतीय टीम ने पर्थ में जो लय हासिल की थी वह 10 दिन के ब्रेक के दौरान खो गई। अब लय ऑस्ट्रेलिया के साथ है क्योंकि उन्होंने यह टेस्ट मैच जीत लिया है।एडीलेड टेस्ट के कुछ दिनों बाद आप गाबा में खेल रहे हैं। इसलिए लय अब ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ है।'

## क्रिकेट

# क्रिकेट को ब्रिसबेन ओलंपिक में शामिल करने शाह ने की चर्चा



एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

इस महीने की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन का पदभार संभालने वाले जय शाह ने गुरुवार को 2032 ब्रिसबेन ओलंपिक आयोजन समिति के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और ग्रीष्मकालीन खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की संभावना पर चर्चा की।

क्रिकेट 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी करेगा जब यह 2028 लॉस एंजिलिस खेलों का हिस्सा होगा। ब्रिसबेन में 2032 में क्रिकेट को शामिल करने की अभी पुष्टि नहीं हुई है। शाह ने बैठक की तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, 'ओलंपिक आंदोलन में क्रिकेट की भागीदारी के लिए बहुत ही रोमांचक समय है - आज ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में ब्रिसबेन 2032 आयोजन समिति के साथ बैठक हुई।'

बैठक में ब्रिसबेन 2032 आयोजन समिति की प्रमुख सिंडी हुक और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने भाग लिया।

### आरसीबी के प्रशंसकों ने लगाए 'ए साला कप नामदे' के नारे

**ब्रिस्बेन।** इंडियन प्रीमियर लीग की टीमों ने दुनिया भर में प्रवासी भारतीयों के बीच बहुत सारे प्रशंसक बनाए हैं लेकिन कोई भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के प्रशंसकों जितना जुनूनी नहीं हो सकता है जो 17 वर्षों से ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बावजूद वफादार रहे हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम में 'ए साला कप नामदे' (इस साल, कप हमारा है) के नारे गूंजते हैं लेकिन सदर्न स्टार्स के खिलाफ भारतीय महिला टीम के मैच के दौरान एलेन बॉर्डर मैदान पर लाल और नीली जर्सी पहने आरसीबी के कुछ प्रशंसकों ने जीवंत माहौल बना दिया। पिछले 26 साल से ब्रिसबेन में रह रहे रामप्रसाद ने कहा, 'हम हमेशा से आरसीबी के प्रशंसक रहे हैं। महिला और पुरुष दोनों टीमों के। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि हमारी महिला टीम ने पिछले साल डब्लूपीएल जीता है और हम चाहते हैं कि पुरुष टीम 2025 में भी ऐसा ही करे।'

# डलहोर बने आईएसपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी 20.50 लाख में बिके

**मुंबई।** लुधियाना के अभिषेक कुमार डलहोर इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग की दूसरे सत्र की नीलामी 20.50 लाख रुपए में बिके जिससे वह इस लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। श्रीनगर के 15 वर्षीय शारिक यासिर नीलामी में बिकने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। डलहोर को पिछले साल के फाइनलिस्ट माझी मुंबई ने जबकि यासिर को श्रीनगर के वीर ने तीन लाख रुपए में खरीदा। नीलामी में 55 शहरों से कुल 350 खिलाड़ी शामिल थे, जिनमें से 96 खिलाड़ियों को लीग की छह टीमों ने खरीदा। टेनिस बॉल से खेला जाने वाला यह क्रिकेट टूर्नामेंट अगले साल 26 जनवरी से 15 फरवरी तक यहां ठाणे के दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। छह टीमों ने अपनी 16 सदस्यीय टीम बनाने में कुल 5.54 करोड़ रुपए खर्च किए। जिन अन्य खिलाड़ियों पर मोटी बोली लगी उनमें पुणे के विजय जयसिंग 13.75 लाख रुपए (माझी मुंबई), मुंबई के कृष्णा सातपुते 8.50 लाख रुपए (फाल्कन राइजर्स हैदराबाद), श्रीनगर के दीपक डोगरा छह लाख रुपए (चेन्नई सिंगम), कोलकाता के सरोज परमानिक 16.25 लाख रुपए (केवीएन बेंगलुरु स्ट्राइकर्स), इंदौर के दिलीप बिंजवा छह लाख रुपए (श्रीनगर के वीर) और ठाणे के भावेश पवार 8.50 लाख रुपए में (टाइगर्स ऑफ कोलकाता) शामिल हैं।

# प्रसार भारती करेगा हॉकी इंडिया लीग का प्रसारण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सात साल बाद आयोजित हो रही आगामी हॉकी इंडिया लीग का देश का राष्ट्रीय प्रसारक प्रसार भारती सीधा प्रसारण करेगा। इस संबंध में प्रसार भारती के उप महानिदेशक खेल अभिषेक अग्रवाल और हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह के बीच एक समारोह में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। राउरकेला में 28 दिसंबर को शुरू होने वाली एचआईएल का दूरदर्शन और प्रसार भारती के नए ओटीटी प्लेटफॉर्म - वेव्स के जरिए पूरे देश में सीधा प्रसारण किया जाएगा। हॉकी इंडिया लीग का यह टूर्नामेंट इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ पहली बार महिला लीग का भी आयोजन होगा। पुरुषों की प्रतियोगिता राउरकेला में खेली जाएगी जबकि महिलाओं की चार टीम के बीच पहला टूर्नामेंट रांची में आयोजित किया जाएगा। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने इस साझेदारी के महत्व पर जोर दिया।

### द्रविड़ सर के मार्गदर्शन में खेलने को लेकर उत्साहित

**नई दिल्ली।** युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने से कुछ महीने दूर हैं।



सूर्यवंशी ने कहा, 'मुझे वाकई खुशी है कि मुझे आईपीएल में खेलने का मौका मिल रहा है। मैं आईपीएल में खेलने से ज्यादा राहुल द्रविड़ सर के मार्गदर्शन में खेलने के लिए उत्साहित हूं। मैं उनकी कोचिंग में खेलने के लिए खुश हूं। आईपीएल के लिए मेरे पास कोई रणनीति नहीं है। मैं बस वैसे ही खेलूंगा जैसा मैं खेलता हूं।'

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले आज

# बड़ौदा का सामना मुंबई से, मध्य प्रदेश से भिड़ेगी दिल्ली

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

लीग चरण में कुछ मुश्किल पलों से गुजरने वाले बड़ौदा को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां मुंबई की मजबूत टीम से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल शुक्रवार को ही दिल्ली और मध्य प्रदेश के बीच खेला जाएगा।

बड़ौदा के लिए नॉकआउट में जगह बनाना आसान नहीं रहा। ग्रुप बी में उसके सौराष्ट्र और गुजरात के बराबर 24 अंक थे लेकिन बेहतर रन रेट के आधार पर वह आगे बढ़ने में सफल रहा। बड़ौदा के पास हार्दिक और क्रुणाल पंड्या जैसे टी20 के धुरंधर खिलाड़ी हैं लेकिन इसके बावजूद उसका कोई भी खिलाड़ी बल्लेबाजी या गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल नहीं है।



इससे पता चलता है कि बड़ौदा के सभी खिलाड़ियों ने अभी तक अच्छा योगदान दिया है जिससे उसकी टीम सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही।

### दिल्ली का पलड़ा भारी

दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली का मध्य प्रदेश पर पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है क्योंकि आयुष बडोनी की अगुवाई वाली इस टीम ने अभी तक अपना ऑलराउंड खेल दिखाया है। दोनों टीम के पास हालांकि अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और इससे यह मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है। मुंबई और बड़ौदा के बीच पहला सेमीफाइनल सुबह 11 बजे शुरू होगा जबकि दिल्ली और मध्य प्रदेश के बीच दूसरा सेमीफाइनल चार बजकर 30 मिनट से खेला जाएगा।

### पंड्या का नहीं चला जादू

हार्दिक हालांकि अभी तक किसी तरह का कमाल नहीं दिखा पाए हैं। ऐसा लगता है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर देने के कारण वह इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। मुंबई हालांकि इस ऑलराउंडर को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगा। जहां तक मुंबई का सवाल है तो उसे ग्रुप ई में किसी तरह की खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। उसे विदर्भ के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में पहली बार किसी तरह की चुनौती मिली।


विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
सुशासन और विश्वास के
जनादेश के
1 वर्ष
भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री
श्री जेपी नड्डा जी
का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर
हार्दिक अभिनंदन...
जनादेश
परब
विशाल जनसभा
दोपहर 02:00 बजे
साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर
स्मृति मंदिर
श्री जेपी नड्डा जी
के करकमलों द्वारा
स्मृति मंदिर
का
लोकार्पण
सायं 04:30 बजे
भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय
कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर, छत्तीसगढ़
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़





# सड़क हादसे में फूलों ने बचाई जान, तो बन गए 'पेड़ बाबा', अब गुपचुप कर रहें हैं उनकी रक्षा

**गाजीपुर।** पेड़-पौधों के रूप में प्रकृति ने हमें एक सबसे अनमोल उपहार दिया है। ये न सिर्फ शुद्ध हवा और ताजगी देते हैं, बल्कि हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं लेकिन जब विकास के नाम पर इनका कत्ल होता है, तो हम अपनी ही दुनिया को संकट में डाल देते हैं। ऐसी ही संकटमयी स्थिति से बचाने के लिए गाजीपुर के प्रवीण तिवारी, जिन्हें लोग 'पेड़ बाबा' के नाम से जानते हैं, ने



अपनी जिंदगी समर्पित कर दी है। उनकी कहानी एक जुनून और प्रतिबद्धता की मिसाल है, जो हमें ये सिखाती है कि अगर हम प्रकृति को बचाएंगे, तो यही हमें बचाएगी। पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए प्रकृति का अनमोल उपहार हैं। प्रवीण तिवारी पिछले 20-25 सालों से गुपचुप तरीके से हजारों पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का काम कर रहे हैं। एक सड़क हादसे में फूलों पर गिरने के बाद प्रवीण को एहसास हुआ कि प्रकृति ही उनकी रक्षा कर सकती है। इस घटना ने उनकी सोच बदल दी और उन्होंने जीवन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित कर दिया।

# बरमूडा ट्राएंगल से भी रहस्यमयी है जापान का ये समुद्री इलाका




**टोक्यो।** दुनिया के लिए बरमूडा ट्राएंगल आज भी रहस्य है। इसके जगह को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होते हैं। आखिर क्या वजह है कि इस इलाके में पहुंचते ही जहाज गायब हो जाते हैं? इस जगह पर समुद्री जहाज तो गायब होते ही हैं, लेकिन आसमान में उड़ रहे जहाज भी इसके प्रकोप से नहीं बचते हैं। ज्यादातर लोग एक ही बरमूडा ट्रायंगल के बारे में जानते होंगे, लेकिन जापान के एक समुद्री इलाके को भी बरमूडा ट्रायंगल के नाम से जाना जाता है। दरअसल, साल 2012 में चीन से एक जहाज जापान जा रहा था, लेकिन वह समुद्र तट नहीं पहुंचा। इसके बाद चीन की जांच एजेंसियां जहाज की तलाश में लग गईं। सालों तक एमवी एल जी नाम के जहाज और उसमें सवार 19 क्रू मेंबर की तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद इस इलाके को दुनिया का बरमूडा ट्राएंगल कहा जाने लगा। मध्य जापान के इस समुद्री क्षेत्र को भी बहुत खतरनाक माना जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां पर भी 10 से ज्यादा जहाज गायब हो चुके हैं।

## 1955 में 9 जहाज गायब हो गए थे गायब

*इस समुद्री इलाके को लोग ड्रैगन ट्राएंगल के नाम से भी जानते हैं। वह मानते हैं कि यहां जिस तरह से रहस्यमयी घटनाएं घटती हैं, हो न हो यहां जरूर किसी समुद्री ड्रैगन का हाथ है। यहां पर सालों से रहस्यमयी घटनाएं घट रही हैं। साल 1955 में जापान के युद्धक विमान समेत 9 जहाद इस इलाके से अचानक गायब हो गए थे। इन जहाजों को खोजने के लिए जापान ने अपना एक विशेष जहाज भी भेजा था, लेकिन कुछ दिनों बाद वो जहाज भी रहस्यमयी तरीके से इस इलाके से लापता हो गया था। इन घटनाओं के बाद से इस इलाके को प्रतिबंधित कर दिया गया और इसे ड्रैगन ट्राएंगल और डेविल सी नाम दिया गया।*

## 'डेविल सी' के नाम से जाना जाता है इस इलाके को

*जापान के इस खतरनाक इलाके को 'डेविल सी' के नाम से जाना जाता है। चीन के एक प्रोफेसर और पैरानॉर्मल एक्टिविटीज विशेषज्ञ ने इस रहस्यमयी इलाके के बारे में चौंकाने वाली जानकारी दी थी। उन्होंने इसे दुनिया का दूसरा बरमूडा ट्राएंगल बताया। सबसे हैरान करने वाली बात यहै कि डेविल सी का यह क्षेत्र भी बरमूडा ट्राएंगल की तरह ही त्रिकोणीय है। इसकी वजह से ही इसे दुनिया का दूसरा बरमूडा ट्राएंगल माने जाने लगा। इस क्षेत्र में रहस्यमयी घटानाएं होने के कारण जापान सरकार ने इस पूरे समुद्री क्षेत्र को प्रतिबंधित घोषित किया है।*

# साल 2024 में इन वीडियो ने सोशल मीडिया पर मचाया तहलका, क्या आपने देखा?

**नई दिल्ली।** साल 2024 खत्म होने में सिर्फ कुछ ही दिन बचे हैं। इसके बाद नया साल शुरू हो जाएगा। साल 2024 में देश और दुनिया में कई ऐसी घटनाएं घटीं जिन्हें लोग सालों याद रखेंगे। साल 2024 में सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो वायरल हुए, जिन्होंने दुनियाभर के लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। आज हम आपको अपनी इस खबर में साल 2024 में सबसे ज्यादा देखे गए टॉप वीडियो के बारे में बताएंगे, जिन्होंने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया।

## बेबी शार्क डांस

साल 2024 में सबसे ज्यादा वायरल होने वाले वीडियो में पहले नंबर पर 'बेबी शार्क डांस' है। यह वीडियो सबसे ज्यादा पसंद किया गया। यह भारत में भी काफी देखा था। दक्षिण कोरियाई कंपनी पिंकफॉन्ग




द्वारा बनाई गई इसकी धुन और सरल बोल ने इसे बच्चों और युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया है। इस वीडियो को 15 अरब से अधिक लोगों ने देखा। इस गाने को 8 अरब से ज्यादा लोगों ने देखा लुईस फॉन्सी डैडी यांकी का गाना **despacito** दुनिया में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले वीडियो में दूसरे नंबर पर रहा। इस गाने पर लोगों ने खूब इंस्टाग्राम और फेसबुक पर रील बनाकर पोस्ट किए। साल 2017 में रिलीज हुए इस गाने को अभी तक 8 अरब से ज्यादा लोग देख चुके हैं।

## अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का वीडियो



साल 2024 में यूट्यूब पर अंबानी और शादी शीर्षक वाले वीडियो को सिर्फ भारत में 6.5 अरब से अधिक बार लोगों ने देखा है। साल 2024 में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की भव्य शादी ने खूब सुर्खियां बटोरीं।

## जब खाने के लिए परोसी गई सुशी फिश



सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया है। टेबल पर परोसी गई सुशी फिश अचानक रेंगने लगी। यह वीडियो देखकर लोग हैरान रह गए और अपनी आंखों पर यकीन नहीं कर पाए। इस वीडियो को करोड़ों लोगों ने देखा।

## पेंटर ने जीता लोगों का दिल



इस साल एक मकान की पेंटिंग कर रहे शख्स का वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में देखा गया कि पेंटिंग कर रहा शख्स राष्ट्रगान की आवाज सुनकर रुक गया। जब तक राष्ट्रगान बजता रहा वह हिला तक नहीं। यह वीडियो खूब वायरल हुआ। इस वीडियो को भी करोड़ों लोगों ने देखा।

# जानिए क्यों नहाने से डरती थीं ये रानियां? अपने जीवन में सिर्फ दो से तीन बार ही किया था स्नान

**न्यूयार्क।** दुनिया में कई राज और रानियां हुईं। सभी की अपनी अलग-अलग कहानियां हैं। हर राज और रानी को अलग वजहों से जाना जाता है। कई राजा और रानियों को उनकी बहादुरी के लिए जाता है, तो कुछ को अजीबोगरीब वजहों की वजह से जाना जाता है। 15-16 वीं सदी में कई ऐसी रानियां थी, जो नहाने से डरती थीं। यह महारानियां यूरोप के अलग-अलग देशों की थीं। इतिहास में ऐसी रानियों को लेकर कई किस्से प्रचलित हैं। उस समय की कई ऐसी रानियों से जुड़ी कहानियां सुनने और पढ़ने को मिलती हैं।

## चिकित्सक मानते थे खतरनाक है नहाना




*कुछ जानकार बताते हैं कि उस समय चिकित्सक मानते थे कि नहाना खतरनाक है। इतना खतरनाक कि कुछ लोग नहाने के लिए ज्योतिषों से शुभ समय जानने की सलाह लेते हैं। रानियों के बारे में कई और बातें बताई जाती हैं। 16 वीं सदी की एक किताब दिस इज द मायरौर या ग्लास ऑफ हेल्थ, में सलाह दी गई है कि स्नान या स्टू का इस्तेमाल न करें और न ही ज्यादा पसीना बहाएं।*

## स्पेन की रानी ने सिर्फ दो बार किया था स्नान




*स्पेन की रानी इसासबेला ने अपने पूरे जीवन में सिर्फ दो बार स्नान किया था, जबकि रानी एलिजाबेथ-1 कथिततौर पर महीने में सिर्फ एक बार नहाती थीं। यह भी कहा जाता है कि यह रानियों खाने के बाद अपना हाथ भी नहीं धोती थीं। इनके उत्तराधिकारी भी यही काम करते थे।*










## बेहद अजीब हैं इन पक्षियों की आवाजें

**लंदन।** दुनिया में जितने जीव हैं, उनकी अलग आवाजें हैं, जो उन्हें दूसरे जीवों से अलग करती हैं। जैसे शेर के दहाड़ने और बाघ के दहाड़ने की आवाजें बिल्कुल भिन्न हैं। उसी प्रकार पक्षियों की आवाजें भी एक दूसरे काफी अलग होती हैं। पर दुनिया में कुछ ऐसे भी पक्षी हैं, जिनकी आवाजें इतनी खौफनाक हैं कि अगर आपने उन्हें एक बार सुन लिया तो रात में नींद नहीं आएगी। इन पक्षियों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। छठे पक्षी की आवाज सबसे खौफनाक है! इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है जो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सबसे अजीबोगरीब पक्षियों को दिखाया गया है, जिनकी आवाज इतनी खौफनाक और अजीब है कि जब आप उसे सुनेंगे, तो बेशक हैरान हो जाएंगे. पक्षियों की आवाजों को अलग-अलग लेवल से दर्शाया गया है। सबसे भयानक आवाज वाले पक्षी को छठे लेवल पर रखा गया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com